# CHAPTER - 18
# शांकव परिच्छेद

## शांकव परिच्छेद : सामान्य

### परिभाषा (Definition)

किसी तल तथा द्विशंकु के विभिन्न अभिविन्यासों के प्रतिच्छेदन से प्राप्त वक्र शांकव परिच्छेद कहलाता है।

### विभिन्न पदों की महत्वपूर्ण परिभाषायें (Definitions of various important terms)

(1) **नाभि** : स्थिर बिन्दु को शांकव की नाभि कहते हैं।

(2) **नियता** : नियत सरल रेखा शांकव की नियता कहलाती है।

सामान्यतः प्रत्येक केंद्रीय शांकव की चार नाभियाँ होती हैं, जिसमें दो वास्तविक तथा दो काल्पनिक होती हैं। दो वास्तविक नाभियों के संगत दो नियतायें होती हैं।

(3) **उत्केन्द्रता** : अचर अनुपात को शांकव की उत्केन्द्रता कहते हैं तथा इसे $e$ से प्रदर्शित करते हैं।

यदि $e = 1$, तब शांकव परवलय कहलाता है।

यदि $e < 1$, तब शांकव दीर्घवृत्त कहलाता है।

यदि $e > 1$, तब शांकव अतिपरवलय कहलाता है।

यदि $e = 0$, तब शांकव वृत्त कहलाता है।

यदि $e = \infty$, तब शांकव रेखायुग्म कहलाता है।

(4) **अक्ष** : नाभि से होकर गुजरने वाली तथा नियता के लम्बवत् सरल रेखा, शांकव का अक्ष कहलाती है। शांकव, अक्ष के परितः सदैव सममित होता है।

(5) **शीर्ष** : वह बिन्दु जहाँ शांकव का अक्ष शांकव को काटता है, शीर्ष कहलाता है।

(6) **केन्द्रः** वह बिन्दु जो शांकव से गुजरने वाली प्रत्येक जीवा को समद्विभाजित करता है, शांकव का केन्द्र कहलाता है।

(7) **नाभिलम्ब** : वह जीवा, जो नाभि से गुजरती है तथा अक्ष के लम्बवत् है, शांकव की नाभिलम्ब जीवा कहलाती है।

(8) **द्विगुणित कोटि** : शांकव की द्विगुणित कोटि वह जीवा है, जो अक्ष के लम्बवत् है।

(9) **नाभीय जीवा** : वह जीवा जो शांकव की नाभि से गुजरती है, नाभीय जीवा कहलाती है।

(10) **नाभीय दूरी** : शांकव पर स्थित किसी बिंदु की नाभि से दूरी; उस बिन्दु की नाभीय दूरी कहलाती है।

### शांकव का व्यापक समीकरण, जबकि इसकी नाभि, नियता तथा उत्केन्द्रता दी गयी है (General equation of a conic section when its focus, directrix and eccentricity are given

माना शांकव की नाभि $S(\alpha, \beta)$, नियता $Ax + By + C = 0$ तथा उत्केन्द्रता $e$ है। माना शांकव पर कोई बिन्दु $P(h,k)$ है तथा $P$ से नियता पर डाला गया लम्ब $PM$ है, तब परिभाषा से,

$$SP = ePM \Rightarrow SP^2 = e^2 PM^2$$

$$\Rightarrow (h-\alpha)^2 + (k-\beta)^2 = e^2\left(\frac{Ah + Bk + C}{\sqrt{A^2 + B^2}}\right)^2$$




इस प्रकार, बिन्दु $(h,k)$ का बिन्दु पथ

$$(x-\alpha)^2 + (y-\beta)^2 = e^2\,\frac{(Ax + By + C)^2}{(A^2 + B^2)}$$ होगा।

यह शांकव का कार्तीय समीकरण है, जिसे हल करने पर $ax^2 + 2hxy + by^2 + 2gx + 2fy + c = 0$ के रूप में लिख सकते हैं, जो कि द्विघातीय व्यापक समीकरण है।

### शांकवों का परीक्षण (Recognisation of conics)

शांकवों का समीकरण, द्विघात के व्यापक समीकरण

$ax^2 + 2hxy + by^2 + 2gx + 2fy + c = 0$ ......(i) द्वारा प्रदर्शित होता है

समीकरण (i) का विविक्तकर, $\Delta$ द्वारा प्रदर्शित करते हैं, जहाँ $\Delta = abc + 2fgh - af^2 - bg^2 - ch^2$

**स्थिति 1:** जब $\Delta = 0$ । इस स्थिति में समीकरण (i) डिजनरेट शांकव (Degenerate conic) प्रदर्शित करता है।

**सारणी : 18.1**

| क्रमांक | प्रतिबन्ध | शांकव की प्रकृति |
|---|---|---|
| 1. | $\Delta = 0$ तथा $ab - h^2 = 0$` | सम्पाती सरल रेखाओं का युग्म |
| 2. | $\Delta = 0$ तथा $ab - h^2 < 0$ | प्रतिच्छेदी सरल रेखाओं का युग्म |
| 3. | $\Delta = 0$ तथा $ab - h^2 > 0$ | एक बिन्दु |

**स्थिति II:** जब $\Delta \neq 0$ इस स्थिति में समीकरण (i) नान-डिजनरेट शांकव (non-degenerate conic) प्रदर्शित करता है।

सारणी : 18.2

| क्रमांक | प्रतिबन्ध | शांकव की प्रकृति |
|---|---|---|
| 1. | $\Delta \neq 0, h=0, a=b\neq 0, e=0$ | एक वृत्त |
| 2. | $\Delta \neq 0, ab-h^2=0, e=1$ | एक परवलय |
| 3. | $\Delta \neq 0, ab-h^2>0, e<1$ | एक दीर्घवृत्त |
| 4. | $\Delta \neq 0, ab-h^2<0, e>1$ | एक अतिपरवलय |
| 5. | $\Delta \neq 0, ab-h^2<0, a+b=0$, $e=\sqrt{2}$ | एक समकोणिक अतिपरवलय |

## परवलय

### परिभाषा (Definition)

परवलय उस बिन्दु का बिन्दुपथ है, जो किसी तल में इस प्रकार गमन करता है कि इसकी एक स्थिर बिन्दु (अर्थात् नाभि) से दूरी सदैव एक स्थिर रेखा (अर्थात् नियता) से लम्बवत् दूरी के बराबर रहती है।

### परवलय का मानक समीकरण
**(Standard equation of the parabola)**

माना परवलय की नाभि $S$, नियता $ZZ'$ तथा परवलय पर कोई बिन्दु $(x, y)$ है। माना $AS = AK = a(>0)$ तब $S$ के निर्देशांक $= (a, 0)$ तथा $KZ$ का समीकरण है, $x=-a$ या $x+a=0$ अब, $SP = PM$

$\Rightarrow (SP)^2 = (PM)^2 \Rightarrow (x-a)^2 + (y-0)^2 = (a+x)^2$

$\therefore\ y^2 = 4ax$ जो परवलय का मानक समीकरण है।




**परवलय से सम्बन्धित पद** Y'

सारणी : 18.3

| महत्वपूर्ण पद | $y^2 = 4ax$ | $y^2 = -4ax$ | $x^2 = 4ay$ | $x^2 = -4ay$ |
|---|---|---|---|---|
| शीर्ष के निर्देशांक | (0, 0) | (0, 0) | (0, 0) | (0, 0) |
| नाभि के निर्देशांक | $(a, 0)$ | $(-a, 0)$ | $(0, a)$ | $(0, -a)$ |
| नियता का समीकरण | $x=-a$ | $x=a$ | $y=-a$ | $y=a$ |
| अक्ष का समीकरण | $y=0$ | $y=0$ | $x=0$ | $x=0$ |
| नाभिलम्ब की लम्बाई | $4a$ | $4a$ | $4a$ | $4a$ |
| बिन्दु $P(x, y)$ | $x+a$ | $a-x$ | $y+a$ | $a-y$ |

### परवलय का विशिष्ट रूप
**(Special form of parabola $(y-k)^2 = 4a(x-h)$)**

परवलय का शीर्ष $(h, k)$ तथा अक्ष, $x$-अक्ष के समान्तर हो, तब परवलय का समीकरण है, $(y-k)^2 = 4a(x-h)$

यदि परवलय का शीर्ष $(p, q)$ तथा इसका अक्ष $y$-अक्ष के समान्तर है, तब परवलय का समीकरण, $(x-p)^2 = 4b(y-q)$ होगा।




### परवलय का प्राचलिक समीकरण
**(Parametric equations of a parabola)**

सारणी : 18.4

| परवलय | $y^2 = 4ax$ | $y^2 = -4ax$ | $x^2 = 4ay$ | $x^2 = -4ay$ |
|---|---|---|---|---|
| प्राचलिक निर्देशांक | $(at^2, 2at)$ | $(-at^2, 2at)$ | $(2at, at^2)$ | $(2at, -at^2)$ |
| प्राचलिक समीकरण | $x=at^2$ $y=2at$ | $x=-at^2$ $y=2at$ | $x=2at$ $y=at^2$ | $x=2at$, $y=-at^2$ |

परवलय $(y-k)^2 = 4a(x-h)$ का प्राचलिक समीकरण $x = h + at^2$ तथा $y = k + 2at$ होता है।

### परवलय के सापेक्ष बिन्दु या रेखा की स्थिति
**(Position of a point and a line with respect to a parabola)**

(1) **परवलय के सापेक्ष किसी बिन्दु की स्थिति :** बिन्दु $(x_1, y_1)$ परवलय $y^2 = 4ax$ के बाहर, ऊपर या अंदर क्रमशः $y_1^2 - 4ax_1 >, =$ या $<0$ के अनुसार स्थित है। $y_1^2 - 4ax_1 >, =, < 0$.




(2) रेखा $y = mx + c$, परवलय $y^2 = 4ax$ को $c >, =, < \frac{a}{m}$ के अनुसार क्रमशः प्रतिच्छेद नहीं करती है या स्पर्श करती है या प्रतिच्छेद करती है।

**स्पर्शिता का प्रतिबन्ध :** रेखा $y = mx + c$, परवलय $y = 4ax$ को स्पर्श करती है, यदि $c = \frac{a}{m}$.

### स्पर्श रेखा के समीकरण के विभिन्न रूप
**(Equations of tangent in different forms)**

(1) **बिन्दु रूप :**

सारणी : 18.5

| बिन्दु $(x, y)$ पर मानक परवलयों की स्पर्श रेखा का समीकरण | |
|---|---|
| परवलयों के समीकरण | $(x_1, y_1)$ पर स्पर्श रेखा |
| $y^2 = 4ax$ | $yy_1 = 2a(x + x_1)$ |
| $y^2 = -4ax$ | $yy_1 = -2a(x + x_1)$ |
| $x^2 = 4ay$ | $xx_1 = 2a(y + y_1)$ |
| $x^2 = -4ay$ | $xx_1 = -2a(y + y_1)$ |

(2) **प्राचलिक रूप :**

सारणी : 18.6

| '$t$' पर मानक परवलय की स्पर्श रेखा का समीकरण | | |
|---|---|---|
| परवलय का समीकरण | प्राचलिक निर्देशांक '$t$' | '$t$' पर स्पर्श रेखा |
| $y^2 = 4ax$ | $(at^2, 2at)$ | $ty = x + at^2$ |
| $y^2 = -4ax$ | $(-at^2, 2at)$ | $ty = -x + at^2$ |
| $x^2 = 4ay$ | $(2at, at^2)$ | $tx = y + at^2$ |
| $x^2 = -4ay$ | $(2at, -at^2)$ | $tx = -y + at^2$ |

(3) **प्रवणता रूप :**

सारणी : 18.7

| प्रवणता के पदों में विभिन्न परवलयों की स्पर्श रेखा के समीकरण | | | |
|---|---|---|---|
| परवलय के समीकरण | प्रवणता ($m$) के पदों में स्पर्श बिन्दु | प्रवणता ($m$) के पदों में स्पर्श रेखा का समीकरण | स्पर्शिता का प्रतिबंध |
| $y^2 = 4ax$ | $\left(\frac{a}{m^2}, \frac{2a}{m}\right)$ | $y = mx + \frac{a}{m}$ | $c = \frac{a}{m}$ |
| $y^2 = -4ax$ | $\left(-\frac{a}{m^2}, -\frac{2a}{m}\right)$ | $y = mx - \frac{a}{m}$ | $c = -\frac{a}{m}$ |
| $x^2 = 4ay$ | $(2am, am^2)$ | $y = mx - am^2$ | $c = -am^2$ |
| $x^2 = -4ay$ | $(-2am, -am^2)$ | $y = mx + am^2$ | $c = am^2$ |

## परवलय पर स्थित दो बिन्दुओं पर स्पर्श रेखाओं का प्रतिच्छेद बिन्दु

**(Point of intersection of tangents at any two points on the parabola)**

(1) परवलय $y^2 = 4ax$ पर स्थित दो बिन्दुओं $P(at_1^2, 2at_1)$ तथा $Q(at_2^2, 2at_2)$ पर स्पर्श रेखाओं का प्रतिच्छेद बिन्दु $(at_1t_2, a(t_1 + t_2))$ है।

(2) परवलय $y^2 = 4ax$ की स्पर्श रेखाओं, के प्रतिच्छेद बिन्दु का बिन्दुपथ जो $\alpha$ कोण पर मिलती हैं, $(x+a)^2 \tan^2 \alpha = y^2 - 4ax$ होगा।

(3) **नियामक वृत्तः** शांकव की लम्बवत् स्पर्श रेखाओं के प्रतिच्छेद बिन्दु का बिन्दुपथ नियामक वृत्त कहलाता है। परवलय का नियामक वृत्त इसकी नियता होती है।




(4) परवलय $y^2 = 4ax$ पर स्थित बिन्दुओं $P(at_1^2, 2at_1)$ तथा $Q\ (at_2^2, 2at_2)$ पर खींची गयी स्पर्श रेखायें बिन्दु $R$ पर प्रतिच्छेदित करती है तथा त्रिभुज $PQR$ का क्षेत्रफल $\frac{1}{2}a^2(t_1 - t_2)^3$ होता है।

## परवलय पर स्थित किसी बिन्दु से डाले गये स्पर्श रेखा युग्म का समीकरण

**(Equation of pair of tangents from a point to a parabola)**

यदि $y_1^2 - 4ax_1 > 0$, तब बिन्दु $(x_1, y_1)$ परवलय के बाहर स्थित होगा तथा बिन्दु $P$ से स्पर्शी रेखा युग्म $PQ, PR$ खींचे जा सकते हैं।

बिन्दु $(x, y)$ से परवलय पर खींचे गये स्पर्शी रेखा युग्म का संयुक्त समीकरण $SS' = T^2$ होता है, जहाँ $S = y^2 - 4ax; S' = y_1^2 - 4ax_1$ तथा $T = yy_1 - 2a(x + x_1)$

किसी बिन्दु से एक परवलय पर दो स्पर्श रेखायें खींची जा सकती हैं। दोनों स्पर्श रेखाएँ वास्तविक, संपाती या काल्पनिक होंगी, यह बिन्दु के क्रमशः परवलय के बाहर, परवलय पर या परवलय के अन्दर स्थित होने पर निर्भर करता है।




## अभिलम्बों के समीकरण के विभिन्न प्रकार

**(Equations of normal in different forms)**

(1) **बिन्दु रूप :**

सारणी : 18.8

| बिन्दु $(x, y)$ पर अन्य मानक परवलयों के अभिलम्बों के समीकरण | |
|---|---|
| परवलय का समीकरण | बिन्दु $(x_1, y_1)$ पर अभिलम्ब |
| $y^2 = 4ax$ | $y - y_1 = \frac{-y_1}{2a}(x - x_1)$ |
| $y^2 = -4ax$ | $y - y_1 = \frac{y_1}{2a}(x - x_1)$ |
| $x^2 = 4ay$ | $y - y_1 = -\frac{2a}{x_1}(x - x_1)$ |
| $x^2 = -4ay$ | $y - y_1 = \frac{2a}{x_1}(x - x_1)$ |

(2) **प्राचलिक रूप :**

सारणी : 18.9

| बिन्दु '$t$' पर अन्य मानक परवलयों के अभिलम्बों के समीकरण | | |
|---|---|---|
| परवलय का समीकरण | प्राचलिक निर्देशांक | '$t$' पर अभिलम्ब |
| $y^2 = 4ax$ | $(at^2, 2at)$ | $y + tx = 2at + at^3$ |
| $y^2 = -4ax$ | $(-at^2, 2at)$ | $y - tx = 2at + at^3$ |
| $x^2 = 4ay$ | $(2at, at^2)$ | $x + ty = 2at + at^3$ |
| $x^2 = -4ay$ | $(2at, -at^2)$ | $x - ty = 2at + at^3$ |

(3) **प्रवणता रूप :**

सारणी : 18.10

| अभिलम्ब का समीकरण, स्पर्श बिन्दु तथा प्रवणता के पदों में अभिलम्बता का प्रतिबन्ध ($m$) | | | |
|---|---|---|---|
| परवलय का समीकरण | प्रवणता ($m$) के पदों मे स्पर्श बिन्दु | प्रवणता ($m$) के पदों में अभिलम्ब का समीकरण | अभिलम्बता का प्रतिबन्ध |
| $y^2 = 4ax$ | $(am^2, -2am)$ | $y = mx - 2am - am^3$ | $c = -2am - am^3$ |
| $y^2 = -4ax$ | $(-am^2, 2am)$ | $y = mx + 2am + am^3$ | $c = 2am + am^3$ |
| $x^2 = 4ay$ | $\left(-\frac{2a}{m}, \frac{a}{m^2}\right)$ | $y = mx + 2a + \frac{a}{m^2}$ | $c = 2a + \frac{a}{m^2}$ |
| $x^2 = -4ay$ | $\left(\frac{2a}{m}, -\frac{a}{m^2}\right)$ | $y = mx - 2a - \frac{a}{m^2}$ | $c = -2a - \frac{a}{m^2}$ |

## परवलय के दो बिन्दुओं पर अभिलम्बों का प्रतिच्छेद बिन्दु (Point of intersection of normals at any two points on the parabola)

परवलय $y^2 = 4ax$ के दो बिन्दुओं $P(at_1^2, 2at_1)$ तथा $Q(at_2^2, 2at_2)$ पर अभिलम्बों का प्रतिच्छेद बिन्दु $R[2a + a(t_1^2 + t_2^2 + t_1t_2), -at_1t_2(t_1 + t_2)]$ है।




## '$t_1$' व '$t_2$' के मध्य सम्बन्ध, यदि '$t_1$' पर अभिलम्ब परवलय को पुनः '$t_2$' पर मिलता है (Relation between '$t_1$' and '$t_2$' if normal at '$t_1$' meets the parabola again at '$t_2$')

यदि बिन्दु $P(at_1^2, 2at_1)$ पर अभिलम्ब परवलय $y^2 = 4ax$ को पुनः बिन्दु $Q(at_2^2, 2at_2)$ पर मिलता है,

तब $t_2 = -t_1 - \dfrac{2}{t_1}$




## सह–अभिलम्ब बिन्दु (Co-normal points)

वक्र पर वे बिन्दु, जिन पर अभिलम्ब एक उभयनिष्ठ बिन्दु से होकर गुजरते हैं, सहअभिलम्ब बिन्दु कहलाते हैं।

*Q, R, S* सहअभिलम्ब बिन्दु हैं। सहअभिलम्ब बिन्दुओं को अभिलम्ब का पाद भी कहते हैं।




**सह अभिलम्ब बिन्दु के गुणधर्म :**

(1) किसी बिन्दु से परवलय पर तीन अभिलम्ब खींचे जा सकते हैं।

(2) तीन संगामी अभिलम्बों की प्रवणताओं का बीजगणितीय योग शून्य होता है।

(3) सह-अभिलम्ब बिन्दुओं की कोटियों का योग शून्य होता है।

(4) सह-अभिलम्ब बिन्दुओं से निर्मित त्रिभुज का केन्द्रक परवलय के अक्ष पर स्थित होता है।

(5) परवलय के अभिलम्ब के पादों द्वारा निर्मित त्रिभुज का केन्द्रक परवलय के अक्ष पर होता है तथा केन्द्रक के निर्देशांक

$$= \left(\frac{am_1^2 + am_2^2 + am_3^2}{3}, \frac{2am_1 + 2am_2 + 2am_3}{3}\right)$$

$$= \left(\frac{am_1^2 + am_2^2 + am_3^2}{3}, 0\right)$$

(6) बिन्दु $(h, k)$ से परवलय $y^2 = 4ax$ पर खींचे गये तीनों अभिलम्ब वास्तविक होंगे यदि $h > 2a$. ($a = 1$ के लिए)

(7) तीनों अभिलम्बों में से कम से कम एक अभिलम्ब वास्तविक होगा, क्योंकि काल्पनिक अभिलम्ब सदैव युग्मों के रूप में उपस्थित होंगे।

## परवलय की स्पर्श रेखाओं की स्पर्श जीवा का समीकरण (Equation of the chord of contact of tangents to a parabola)




माना किसी बाह्य बिन्दु $(x_1, y_1)$ से परवलय $y^2 = 4ax$ पर खींची गयी स्पर्श रेखायें *PQ* तथा *PR* हैं, तब *QR* को परवलय $y^2 = 4ax$ की स्पर्श जीवा कहते हैं।

बिन्दु $(x_1, y_1)$ से परवलय $y^2 = 4ax$ पर खींची गयी स्पर्श रेखाओं की स्पर्श जीवा का समीकरण है, $yy_1 = 2a(x + x_1)$

## परवलय की जीवा का समीकरण, जिसका मध्य बिन्दु दिया गया है (Equation of the chord of the parabola which is bisected at a given point)

परवलय $y^2 = 4ax$ की बिन्दु $(x_1, y_1)$ पर समद्विभाजित होने वाली जीवा का समीकरण है, $T = S_1$, जहाँ $T = yy_1 - 2a(x + x_1)$ तथा $S_1 = y_1^2 - 4ax_1$

अर्थात्, $yy_1 - 2a(x + x_1) = y_1^2 - 4ax_1$




## परवलय पर स्थित दो बिन्दुओं को मिलाने वाली जीवा का समीकरण (Equation of the chord joining any two points on the parabola)

माना परवलय $y^2 = 4ax$ पर दो बिन्दु $P(at_1^2, 2at_1)$ तथा $Q(at_2^2, 2at_2)$ हैं। तब इन बिन्दुओं को मिलाने वाली जीवा का समीकरण है, $y - 2at_1 = \dfrac{2at_2 - 2at_1}{at_2^2 - at_1^2}(x - at_1^2)$ या $y - 2at_1 = \dfrac{2}{t_1 + t_2}\left(x - at_1^2\right)$ या $y(t_1 + t_2) = 2x + 2at_1t_2$

(1) **बिन्दुओं $t_1$ व $t_2$ को मिलाने वाली जीवा के नाभीय जीवा होने का प्रतिबन्ध :** यदि परवलय पर बिन्दुओं $(at_1^2, 2at_1)$ तथा $(at_2^2, 2at_2)$ को मिलाने वाली जीवा, नाभि से गुजरती है, तब बिन्दु $(a, 0)$ समीकरण $y(t_1 + t_2) = 2x + 2at_1t_2$ को संतुष्ट करेगा।

$$\therefore 0 = 2a + 2at_1t_2 \Rightarrow t_1t_2 = -1 \text{ या } t_2 = -\frac{1}{t_1}$$

s(2) **नाभीय जीवा की लम्बाईः** नाभीय जीवा की लम्बाई $= a(t_2 - t_1)^2$, जहाँ $t_1$ व $t_2$ नाभीय जीवा के सिरों के बिन्दुओं के प्राचल हैं।

## परवलय का व्यास (Diameter of a parabola)

किसी परवलय की समान्तर जीवाओं के मध्य बिन्दुओं का बिन्दुपथ उसका व्यास कहलाता है। परवलय का व्यास, परवलय के अक्ष के समान्तर होता है। परवलय $y^2 = 4ax$ की $m$ प्रवणता की समान्तर जीवाओं $y = mx + c$ के सापेक्ष व्यास का समीकरण है, $y = \dfrac{2a}{m}$ ।




## स्पर्शी, अधोस्पर्शी, अभिलम्ब तथा अधोलम्ब की लम्बाई (Length of tangent, subtangent, normal and subnormal)

माना परवलय का समीकरण $y^2 = 4ax$ है तथा बिन्दु $(x_1, y_1)$ पर परवलय की स्पर्श रेखा तथा अभिलम्ब $x$-अक्ष से क्रमशः $T$ तथा $G$ पर मिलते हैं। माना बिन्दु $P(x_1, y_1)$ पर स्पर्शरेखा, $x$–अक्ष की धनात्मक दिशा से $\psi$ कोण बनाती है



परवलय का शीर्ष $A(0,0)$ है तथा $PN = y_1$, तब

(1) स्पर्शरेखा की लम्बाई $= PT = PN \operatorname{cosec} \psi = y_1 \operatorname{cosec} \psi$

(2) अभिलम्ब की लम्बाई $= PG = PN \operatorname{cosec}(90^o - \psi) = y_1 \sec \psi$

(3) अधोस्पर्शी की लम्बाई $= TN = PN \cot \psi = y_1 \cot \psi$

(4) अधोलम्ब की लम्बाई $= NG = PN \cot(90^o - \psi) = y_1 \tan \psi$

यहाँ $\tan \psi = \frac{2a}{y_1} = m$, [$m$, $P(x, y)$ पर स्पर्शरेखा की प्रवणता है ]

### परवलय $y^2=4ax$ के बिन्दु$(at^2,2at)$ पर स्पर्शी, अधोस्पर्शी, अभिलम्ब तथा अधोलम्ब की लम्बाई (Length of tangent, Subtangent, Normal and subnormal to $y^2=4ax$ at $(at^2,2at)$)

(1) बिन्दु $(at^2, 2at)$ पर स्पर्शरेखा की लम्बाई $= 2at \operatorname{cosec} \psi$

$= 2at\sqrt{(1+\cot^2\psi)}$ $= 2at\sqrt{1+t^2}$

(2) बिन्दु $(at^2, 2at)$ पर अभिलम्ब की लम्बाई $= 2at \sec \psi$

$= 2at\sqrt{(1+\tan^2\psi)}$ $= 2a\sqrt{t^2+t^2\tan^2\psi}$ $= 2a\sqrt{(t^2+1)}$

(3) बिन्दु $(at^2, 2at)$ पर अधोस्पर्शी की लम्बाई $= 2at \cot \psi = 2at^2$

(4) बिन्दु $(at^2, 2at)$ पर अधोलम्ब की लम्बाई $= 2at \tan \psi = 2a$

### ध्रुव तथा ध्रुवी (Pole and Polar)

किसी स्थिर बिन्दु $P$ से खींची गयी जीवा के सिरों पर, परवलय की स्पर्श रेखाओं के प्रतिच्छेद बिन्दु का बिन्दुपथ, बिन्दु $P$ की ध्रुवी कहलाता है तथा बिन्दु $P$ को ध्रुवी का ध्रुव कहते हैं।

**ध्रुवी का समीकरण** : परवलय $y^2 = 4ax$ के सापेक्ष बिन्दु $(x_1, y_1)$ की ध्रुवी का समीकरण, स्पर्श जीवा के समीकरण के समान होता है, अर्थात् ध्रुवी का समीकरण है, $yy_1 = 2a(x + x_1)$







**ध्रुव के निर्देशांकः**

परवलय $y^2 = 4ax$ के सापेक्ष रेखा $lx + my + n = 0$ के ध्रुव के निर्देशांक $\left(\frac{n}{l}, \frac{-2am}{l}\right)$ होते हैं ।

## दीर्घवृत्त

### परिभाषा (Definition)

दीर्घवृत्त उस बिन्दु का बिन्दुपथ है जो इस प्रकार गति करता है, कि इसकी एक स्थिर बिन्दु से दूरी तथा स्थिर रेखा से दूरी का अनुपात सदैव अचर ($< 1$) रहता है। स्थिर बिन्दु को नाभि तथा स्थिर रेखा को नियता कहते हैं। अचर अनुपात को दीर्घवृत्त की उत्केन्द्रता कहते है तथा इसे $e$ से प्रदर्शित करते हैं।

### दीर्घवृत्त का मानक समीकरण (Standard equation of the ellipse)

माना दीर्घवृत्त की नाभि $S$, नियता $ZM$ तथा दीर्घवृत्त पर कोई बिन्दु $P(x, y)$ है, तब परिभाषा से, $\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} = 1$, जहाँ $b^2 = a^2(1 - e^2)$.




दीर्घवृत्त का समीकरण अन्य रूप में, $\frac{x^2}{y^2} + \frac{y^2}{b^2} = 1$ है, जहाँ $a^2 = b^2(1 - e^2)$ अर्थात् $a < b$ .




**दोनों दीर्घवृत्तों के मध्य अन्तर निम्न तालिका से स्पष्ट होता है**

**सारणी : 18.11**

| दीर्घवृत्त / सम्बन्धित पद | $\left\{\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} = 1\right\}$ | |
|---|---|---|
| | $a > b$ के लिए | $b > a$ के लिए |
| केन्द्र | (0, 0) | (0, 0) |
| शीर्ष | $(\pm a, 0)$ | $(0, \pm b)$ |
| दीर्घ अक्ष की लम्बाई | $2a$ | $2b$ |
| लघु अक्ष की लम्बाई | $2b$ | $2a$ |
| नाभियाँ | $(\pm ae, 0)$ | $(0, \pm be)$ |
| नियताओं के समीकरण | $x = \pm a/e$ | $y = \pm b/e$ |
| $a$, $b$ तथा $e$ से सम्बन्ध | $b^2 = a^2(1 - e^2)$ | $a^2 = b^2(1 - e^2)$ |
| नाभिलम्ब की लम्बाई | $\frac{2b^2}{a}$ | $\frac{2a^2}{b}$ |
| नाभिलम्ब के सिरों के निर्देशांके | $\left(\pm ae, \pm\frac{b^2}{a}\right)$ | $\left(\pm\frac{a^2}{b}, \pm be\right)$ |
| प्राचलिक समीकरण | $(a\cos\phi, b\sin\phi)$ | $(a\cos\phi, b\sin\phi)$ $(0 \le \phi < 2\pi)$ |
| नाभीय त्रिज्यायें | $SP = a - ex_1$ $S'P = a + ex_1$ | $SP = b - ey_1$ $S'P = b + ey_1$ |
| नाभीय त्रिज्याओं का योग $SP + S'P =$ | $2a$ | $2b$ |
| नाभियों के मध्य दूरी | $2ae$ | $2be$ |
| नियताओं के मध्य दूरी | $2a/e$ | $2b/e$ |
| शीर्षों पर स्पर्श रेखायें | $x = -a$, $x = a$ | $y = b$, $y = -b$ |

## दीर्घवृत्त का प्राचलिक समीकरण (Parametric form of the ellipse)

दीर्घवृत्त का मानक समीकरण है, $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ तब दीर्घवृत्त के समीकरण का प्राचलिक रूप है, $x=a\cos\phi, y=b\sin\phi$, जहाँ $\phi$ उत्केन्द्र कोण है जिसका मान अन्तराल $0\le\phi<2\pi$ में होता है। अतः दीर्घवृत्त पर किसी बिन्दु $P$ के निर्देशांक $(a\cos\phi, b\sin\phi)$ होंगे।

## दीर्घवृत्त के विशिष्ट रूप (Special forms of an ellipse)

(1) यदि दीर्घवृत्त का केन्द्र बिन्दु $(h,k)$ पर है तथा अक्षों की दिशायें, निर्देशांक अक्षों के समान्तर है, तब दीर्घवृत्त का समीकरण है, $\frac{(x-h)^2}{a^2}+\frac{(y-k)^2}{b^2}=1$

(2) यदि वक्र का समीकरण $\frac{(lx+my+n)^2}{a^2}+\frac{(mx-ly+p)^2}{b^2}=1$, जहाँ $lx+my+n=0$ तथा $mx-ly+p=0$ लम्बवत् रेखायें हैं तब $\frac{lx+my+n}{\sqrt{l^2+m^2}}=X$, $\frac{mx-ly+p}{\sqrt{l^2+m^2}}=Y$, प्रतिस्थापित कर समीकरण को मानक रूप में परिवर्तित करते हैं।

## दीर्घवृत्त के सापेक्ष बिन्दु की स्थिति
### (Position of a point with respect to an ellipse)

माना दीर्घवृत्त का समीकरण $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ तथा कोई बिन्दु $P(x_1,y_1)$ है। बिन्दु $P(x_1,y_1)$ दीर्घवृत्त के बाहर, दीर्घवृत्त पर या दीर्घवृत्त के भीतर स्थित होगा, यदि $S_1=\frac{x_1^2}{a^2}+\frac{y_1^2}{b^2}-1$ का मान क्रमशः $>0, =0$ या $<0$ हो।




## रेखा तथा दीर्घवृत्त का प्रतिच्छेद बिन्दु
### (Intersection of a line and an ellipse)

रेखा $y=mx+c$, दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ को दो भिन्न बिन्दुओं पर प्रतिच्छेद करती है यदि $a^2m^2+b^2>c^2$, एक बिन्दु पर प्रतिच्छेद करती है यदि $c^2=a^2m^2+b^2$ तथा प्रतिच्छेद नहीं करती है यदि $a^2m^2+b^2<c^2$.

## स्पर्श रेखा के समीकरण के विभिन्न रूप
### (Equations of tangent in different forms)

(1) **बिन्दु रूप :** बिन्दु $(x_1,y_1)$ पर दीर्घवृत्त की स्पर्श रेखा का समीकरण है, $\frac{xx_1}{a^2}+\frac{yy_1}{b^2}=1$.

(2) **प्रवणता रूप :** यदि रेखा $y=mx+c$, दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ को स्पर्श करती है, तब $c^2=a^2m^2+b^2$, अतः सरल रेखा $y=mx\pm\sqrt{a^2m^2+b^2}$ सदैव दीर्घवृत्त की स्पर्श रेखाओं को प्रदर्शित करती है।

**स्पर्श बिन्दु :** रेखा $y=mx\pm\sqrt{a^2m^2+b^2}$, दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ को बिन्दुओं $\left(\frac{\pm a^2m}{\sqrt{a^2m^2+b^2}}, \frac{\mp b^2}{\sqrt{a^2m^2+b^2}}\right)$ पर स्पर्श करती है।

(3) **प्राचलिक रूप :** बिन्दु $\phi(a\cos\phi, b\sin\phi)$ पर स्पर्श रेखा का समीकरण है, $\frac{x}{a}\cos\phi+\frac{y}{b}\sin\phi=1$.

## स्पर्श रेखा युग्म का समीकरण $SS_1=T^2$
### (Equation of pair of tangents $SS_1=T^2$)

**स्पर्शी युग्म :** माना दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ के बाहर कोई बिन्दु $P(x_1,y_1)$ है तथा इस बिन्दु $P$ से खींचे गये स्पर्शी युग्म $PA$, $PB$ हैं तब स्पर्शी युग्म $PA$ तथा $PB$ का समीकरण है, $SS_1=T^2$




जहाँ $S\equiv\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}-1$

$S_1\equiv\frac{x_1^2}{a^2}+\frac{y_1^2}{b^2}-1$, $T\equiv\frac{xx_1}{a^2}+\frac{yy_1}{b^2}-1$

**नियामक वृत्त :** वह वृत्त जिस पर दीर्घवृत्त की परस्पर लम्ब स्पर्श रेखाओं का प्रतिच्छेद बिन्दु स्थित होता है, नियामक वृत्त कहलाता है। माना बिन्दुपथ पर कोई बिन्दु $P(x_1,y_1)$ है। अतः $P(x_1,y_1)$ का बिन्दुपथ अर्थात् नियामक वृत्त का समीकरण है, $x^2+y^2=a^2+b^2$.

## अभिलम्ब के समीकरण के विभिन्न रूप
### (Equations of normal in different forms)

(1) **बिन्दु पथ :** बिन्दु $(x_1,y_1)$ पर दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ के अभिलम्ब का समीकरण है, $\frac{a^2x}{x_1}-\frac{b^2y}{y_1}=a^2-b^2$

(2) **प्राचलिक रूपः** बिन्दु $(a\cos\phi, b\sin\phi)$ पर दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ के अभिलम्ब का समीकरण है, $ax\sec\phi-by\,\text{cosec}\,\phi=a^2-b^2$

(3) **प्रवणता रूप :** यदि दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ के अभिलम्ब की प्रवणता $m$ हो, तब अभिलम्ब का समीकरण है, $y=mx\pm\frac{m(a^2-b^2)}{\sqrt{a^2+b^2m^2}}$ तथा स्पर्श बिन्दु के निर्देशांक $\left(\frac{\pm a^2}{\sqrt{a^2+b^2m^2}}, \frac{\pm mb^2}{\sqrt{a^2+b^2m^2}}\right)$ है।

## सहायक वृत्त (Auxiliary circle)

दीर्घवृत्त के दीर्घाक्ष को व्यास मानकर खींचा गया वृत्त, सहायक वृत्त कहलाता है। यदि $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ एक दीर्घवृत्त है, तब इसका सहायक वृत्त $x^2+y^2=a^2$ होगा।



**किसी बिन्दु का उत्केन्द्र कोण** : माना दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ पर कोई बिन्दु $P$ है। अब दीर्घवृत्त के दीर्घाक्ष पर बिन्दु $P$ से लम्ब $PM$ खींचा तथा $MP$ को आगे बढ़ाने पर यह सहायक वृत्त को बिन्दु $Q$ में मिलता है। $CQ$ को मिलाया। दीर्घवृत्त पर बिन्दु $P$ का उत्केन्द्र कोण $\angle XCQ=\phi$ कहलाता है। यह ध्यान रखना चाहिये कि कोण $\angle XCQ$, बिन्दु $P$ का उत्केन्द्र कोण नहीं है।

## स्पर्श जीवा (Chord of contact)

यदि $P(x_1,y_1)$ से दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ की स्पर्श रेखायें $PQ$ तथा $PR$ है, तब स्पर्श जीवा $QR$ का समीकरण है,

$$\frac{xx_1}{a^2}+\frac{yy_1}{b^2}=1$$

या $T=0$ (बिन्दु $x_1,y_1$ पर).




## जीवा का समीकरण, जिसका मध्य बिन्दु ($x_1$, $y_1$) है (Equation of chord with mid point ($x_1$, $y_1$))

दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ की जीवा का समीकरण जिसका मध्य बिन्दु $(x_1,y_1)$ है $T=S_1$

जहाँ $T=\frac{xx_1}{a^2}+\frac{yy_1}{b^2}-1$

$$S_1=\frac{x_1^2}{a^2}+\frac{y_1^2}{b^2}-1.$$




## दीर्घवृत्त पर दो बिन्दुओं को मिलाने वाली जीवा का समीकरण (Equation of the chord joining two points on an ellipse)

माना दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ पर दो बिन्दु $P(a\cos\theta,b\sin\theta)$; $Q(a\cos\phi,b\sin\phi)$ है, तब इन बिन्दुओं को मिलाने वाली जीवा का समीकरण है, $y-b\sin\theta=\frac{b\sin\phi-b\sin\theta}{a\cos\phi-a\cos\theta}(x-a\cos\theta)$ । अतः दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ पर उन बिन्दुओं को मिलाने वाली जीवा का समीकरण, जिनके उत्केन्द्र कोण $\theta$ तथा $\phi$ है,

$$\frac{x}{a}\cos\left(\frac{\theta+\phi}{2}\right)+\frac{y}{b}\sin\left(\frac{\theta+\phi}{2}\right)=\cos\left(\frac{\theta-\phi}{2}\right)$$ होगा।

## ध्रुव तथा ध्रुवी (Pole and Polar)

माना दीर्घवृत्त के भीतर या बाहर कोई बिन्दु $P(x_1,y_1)$ है। $P$ से होकर जाने वाली जीवा दीर्घवृत्त को क्रमशः $A$ व $B$ पर प्रतिच्छेद करती है। यदि बिन्दुओं $A$ तथा $B$ पर दीर्घवृत्त की स्पर्श रेखायें $Q(h,k)$ पर मिलती है, तब दीर्घवृत्त के सापेक्ष $Q$ का बिन्दु पथ, बिन्दु $P$ की ध्रुवी कहलाता है तथा बिन्दु $P$, ध्रुव कहलाता है







**ध्रुवी का समीकरण** : दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ के सापेक्ष बिन्दु $(x_1,y_1)$ की ध्रुवी का समीकरण है $\frac{xx_1}{a^2}+\frac{yy_1}{b^2}=1$, (अर्थात् $T=0$ )

**ध्रुव के निर्देशांक** : दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ के सापेक्ष रेखा $s$ के ध्रुव के निर्देशांक $P\left(\frac{-a^2l}{n},\frac{-b^2m}{n}\right)$ होंगे।

**ध्रुव तथा ध्रुवी के गुणधर्म :**

(1) यदि $P(x_1,y_1)$ की ध्रुवी $Q(x_2,y_2)$ से होकर गुजरती है, तब $Q(x_2,y_2)$ की ध्रुवी $P(x_1,y_1)$ से होकर जायेगी तथा इस प्रकार के बिन्दुओं को संयुग्मी बिन्दु कहते है।

(2) यदि रेखा $l_1x+m_1y+n_1=0$ का ध्रुव अन्य रेखा $l_2x+m_2y+n_2=0$ पर स्थित है, तब दूसरी रेखा का ध्रुव पहली रेखा पर स्थित होगा तथा इस प्रकार की रेखाओं को संयुग्मी रेखायें कहते है।

(3) किसी दी गई रेखा का ध्रुव, इसके सिरों पर स्पर्श रेखाओं का प्रतिच्छेद बिन्दु होता है।

## दीर्घवृत्त का व्यास (Diameter of the ellipse)

**परिभाषा :** दीर्घवृत्त की समान्तर जीवाओं के निकाय के मध्य बिन्दुओं का बिन्दुपथ दीर्घवृत्त का व्यास कहलाता है तथा जीवायें, द्विगुणित कोटियाँ कहलाती है, अर्थात् दीर्घवृत्त के केन्द्र से होकर जाने वाली रेखा, दीर्घवृत्त का व्यास कहलाती है।

वह बिन्दु जहाँ व्यास दीर्घवृत्त को प्रतिच्छेदित करता है, व्यास का शीर्ष कहलाता है।




माना दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ की समान्तर जीवाओं का निकाय $y=mx+c$ है, जहाँ $m$ अचर है तथा $c$ चर है। दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ की $m$ प्रवणता की जीवाओं को समद्विभाजित करने वाले व्यास का समीकरण है, $y=-\frac{b^2}{a^2m}x$, जो कि (0, 0) से गुजरता है।

**संयुग्मी व्यास :** जब दीर्घवृत्त के दो व्यासों में से प्रत्येक दूसरे की समान्तर जीवाओं को समद्विभाजित करता है, तो वे दोनों व्यास संयुग्मी व्यास कहलाते है।

वृत्त के संयुग्मी व्यास अर्थात् $AA'$ तथा $BB'$ परस्पर लम्बवत् होते हैं। अतः दीर्घवृत्त के संयुग्मी व्यास $PP'$ तथा $QQ'$ हैं।

$\therefore$ दीर्घवृत्त के संयुग्मी व्यासों के मध्य कोण $>90^o$.



अब दोनों संयुग्मी व्यासों के चारों सिरों के निर्देशांक है,

$P(a\cos\phi, b\sin\phi); P'(-a\cos\phi, -b\sin\phi)$;

$Q(-a\sin\phi, b\cos\phi); Q'(a\sin\phi, -b\cos\phi)$

यदि दीर्घवृत्त के दो संयुग्मी व्यास $y = m_1 x$ तथा $y = m_2 x$ हो, तब $m_1 m_2 = \frac{-b^2}{a^2}$

(1) **व्यास के गुण :**

(i) किसी व्यास के सिरों पर स्पर्श रेखा, समद्विभाजित करने वाली जीवाओं के समान्तर होती है या संयुग्मी व्यास के समान्तर होती है।

(ii) किसी जीवा के सिरों पर स्पर्श रेखा उस व्यास पर मिलती है, जो जीवा को समद्विभाजित करता है।

(2) **संयुग्मी व्यास के गुण :**

(i) दीर्घवृत्त के संयुग्मी व्यासों के युग्म के सिरों के उत्केन्द्र कोणों में एक समकोण का अन्तर होता है, अर्थात् $\phi - \phi' = \frac{\pi}{2}$




(ii) किसी दीर्घवृत्त के दो संयुग्मी अर्द्धव्यासों के वर्गों का योग अचर होता है तथा दीर्घवृत्त के अर्द्ध अक्षों के वर्गों के योग के बराबर होता है अर्थात् $CP^2 + CD^2 = a^2 + b^2$




(iii) दीर्घवृत्त पर किसी बिन्दु की नाभीय दूरियों का गुणनफल अर्द्धव्यास के वर्ग के बराबर होता है, जो कि बिन्दु से होकर जाने वाले व्यास के संयुग्मी है, अर्थात् $SP.S'P = CD^2$




(iv) संयुग्मी व्यासों के युग्मों के सिरों पर स्पर्श रेखायें एक समान्तर चतुर्भुज बनाती है, जिसका क्षेत्रफल अचर रहता है तथा अक्षों के गुणनफल के बराबर होता है, अर्थात्

समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल $= (2a)(2b)$ = आयत का क्षेत्रफल जिसमें दीर्घाक्ष तथा लघुअक्ष समाहित है।

(v) दीर्घवृत्त के सापेक्ष किसी बिन्दु की ध्रुवी उस व्यास के समान्तर होती है, जिस पर बिन्दु स्थित होता है। अतः उस जीवा का समीकरण प्राप्त होता है जिसका मध्यबिन्दु दिया है अर्थात् जीवा $T = S_1$.

(3) **सम संयुग्मी व्यास :** दो संयुग्मी व्यास समसंयुग्मी कहलाते हैं, यदि संयुग्मी व्यासों की लम्बाईयाँ समान हैं, अर्थात् $(CP)^2 = (CD)^2$

$\therefore \; a^2\cos^2\phi + b^2\sin^2\phi = a^2\sin^2\phi + b^2\cos^2\phi$

$\Rightarrow a^2(\cos^2\phi - \sin^2\phi) - b^2(\cos^2\phi - \sin^2\phi) = 0$

$\Rightarrow (a^2 - b^2)(\cos^2\phi - \sin^2\phi) = 0$

$\because \; (a^2 - b^2) \neq 0$, $\therefore \cos 2\phi = 0$. इसलिए, $\phi = \frac{\pi}{4}$ या $\frac{3\pi}{4}$

$(CP) = (CD) = \sqrt{\frac{(a^2 + b^2)}{2}}$ (संयुग्मी व्यास के लिये)

## अधो स्पर्शी तथा अधोलम्ब (Subtangent and subnormal)

माना बिन्दु $P(x_1, y_1)$ पर स्पर्श रेखा तथा अभिलम्ब $x$-अक्ष को क्रमशः बिन्दुओं $A$ तथा $B$ पर मिलते हैं।

बिन्दु $P(x_1, y_1)$ पर दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} = 1$ की अधोस्पर्शी की लम्बाई है, $DA = CA - CD = \frac{a^2}{x_1} - x_1$




बिन्दु $P(x_1, y_1)$ पर दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} = 1$ के अधोलम्ब की लम्बाई है, $BD = CD - CB = x_1 - \left(x_1 - \frac{b^2}{a^2}x_1\right) = \frac{b^2}{a^2}x_1 = (1 - e^2)x_1$.

# अतिपरवलय

## परिभाषा (Definition)

अतिपरवलय उस बिन्दु का बिन्दुपथ है जो किसी तल में इस प्रकार गति करता है, कि एक स्थिर बिन्दु से दूरी तथा एक स्थिर रेखा से दूरी का अनुपात सदैव अचर रहे।

यह अचर अनुपात सदैव एक से अधिक होता है। स्थिर बिन्दु को नाभि तथा स्थिर रेखा को नियता कहते हैं।

अचर अनुपात उत्केन्द्रता कहलाता है, जिसे $e$ से प्रदर्शित करते हैं तथा $e > 1$.

## अतिपरवलय का मानक समीकरण
**(Standard equation of the hyperbola)**

माना अतिपरवलय की नाभि $S$, नियता $ZM$ तथा उत्केन्द्रता $e$ है, तब परिभाषा से, $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{a^2(e^2-1)}=1 \Rightarrow \frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=1$




## संयुग्मी अतिपरवलय (Conjugate hyperbola)

वह अतिपरवलय, जिसके अनुप्रस्थ तथा संयुग्मी अक्ष दिये गये अतिपरवलय के क्रमशः संयुग्मी तथा अनुप्रस्थ अक्ष हैं, दिये गये अतिपरवलय का संयुग्मी अतिपरवलय कहलाता है।




दी गयी तालिका में दोनों अतिपरवलयों का अन्तर स्पष्ट किया गया है

सारणी : 18.12

| अतिपरवलय / सम्बन्धित पद | $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=1$ | $-\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ या $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=-1$ |
|---|---|---|
| केन्द्र | (0, 0) | (0, 0) |
| अनुप्रस्थ अक्ष की लम्बाई | $2a$ | $2b$ |
| संयुग्मी अक्ष की लम्बाई | $2b$ | $2a$ |
| नाभियाँ | $(\pm ae, 0)$ | $(0, \pm be)$ |
| नियताओं के समीकरण | $x=\pm a/e$ | $y=\pm b/e$ |
| उत्केन्द्रता | $e=\sqrt{\left(\frac{a^2+b^2}{a^2}\right)}$ | $e=\sqrt{\left(\frac{a^2+b^2}{b^2}\right)}$ |
| नाभिलम्ब की लम्बाई | $2b^2/a$ | $2a^2/b$ |
| प्राचलिक निर्देशांक | $(a\sec\phi, b\tan\phi)$ $0\le\phi<2\pi$ | $(b\sec\phi, a\tan\phi)$ $0\le\phi<2\pi$ |
| नाभीय त्रिज्यायें | $SP=ex_1-a$ $S'P=ex_1+a$ | $SP=ey_1-b$ $S'P=ey_1+b$ |
| नाभीय त्रिज्याओं का अन्तर $(S'P-SP)$ | $2a$ | $2b$ |
| शीर्षों पर स्पर्श रेखायें | $x=-a, x=a$ | $y=-b, y=b$ |
| अनुप्रस्थ अक्ष का समीकरण | $y=0$ | $x=0$ |
| संयुग्मी अक्ष का समीकरण | $x=0$ | $y=0$ |

## अतिपरवलय का विशिष्ट रूप (Special form of hyperbola)

यदि अतिपरवलय का केन्द्र $(h, k)$ है तथा इसके अक्ष, निर्देशांक अक्षों के समान्तर हैं, तब अतिपरवलय का समीकरण $\frac{(x-h)^2}{a^2}-\frac{(y-k)^2}{b^2}=1$ है।

## अतिपरवलय का सहायक वृत्त (Auxiliary circle of hyperbola)

माना $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=1$ एक अतिपरवलय है, जिसका केन्द्र $C$ तथा अनुप्रस्थ अक्ष $AA'$ है, अतः $C$ को केन्द्र तथा खण्ड $AA'$ को व्यास लेकर खींचा गया वृत्त, अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=1$ का सहायक वृत्त कहलाता है।

$\therefore$ सहायक वृत्त का समीकरण है, $x^2+y^2=a^2$

माना $\angle QCN=\phi$ । यहाँ $P$ तथा $Q$ सहायक वृत्त तथा अतिपरवलय पर संगत बिन्दु हैं। $(0\le\phi<2\pi)$




## अतिपरवलय का प्राचलिक समीकरण
**(Parametric equations of hyperbola)**

अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=1$ के प्राचलिक समीकरण $x=a\sec\phi$ तथा $y=b\tan\phi$ हैं। $\phi$ के सभी मानों के लिए बिन्दु $(a\sec\phi, b\tan\phi)$ अतिपरवलय पर स्थित है।

## अतिपरवलय के सापेक्ष बिन्दु की स्थिति
**(Position of a point with respect to a hyperbola)**

माना अतिपरवलय का समीकरण $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=1$ हैं। तब, $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}-1$ के धनात्मक, शून्य या ऋणात्मक मान के अनुसार बिन्दु $P(x_1, y_1)$ क्रमशः अतिपरवलय $\frac{x_1^2}{a^2}-\frac{y_1^2}{b^2}=1$ के अन्दर, पर या बाहर होगा।




## अतिपरवलय तथा रेखा का प्रतिच्छेद बिन्दु
**(Intersection of a line and a hyperbola)**

सरल रेखा $y=mx+c$, अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=1$ को $c^2 >,=,< a^2m^2-b^2$ के अनुसार क्रमशः दो वास्तविक, सम्पाती या काल्पनिक बिन्दुओं पर प्रतिच्छेद करेगी।

**स्पर्शता का प्रतिबन्ध :** यदि सरल रेखा $y=mx+c$, अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=1$ को स्पर्श करती है, तब $c^2=a^2m^2-b^2$.

## स्पर्श रेखा के समीकरण के विभिन्न रूप
**(Equations of tangent in different forms)**

(1) **बिन्दु रूप :** बिन्दु $(x_1, y_1)$ पर अतिपरवलय की स्पर्श रेखा का समीकरण है, $\frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} = 1$ .

(2) **प्राचलिक रूप :** बिन्दु $(a \sec \phi, b \tan \phi)$ पर अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} = 1$ की स्पर्श रेखा का समीकरण है, $\frac{x}{a} \sec \phi - \frac{y}{b} \tan \phi = 1$

(3) **प्रवणता रूप :** अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} = 1$ की $m$ प्रवणता की स्पर्श रेखा का समीकरण $y = mx \pm \sqrt{a^2m^2 - b^2}$ है तथा स्पर्श बिन्दु के निर्देशांक $\left(\pm \frac{a^2 m}{\sqrt{a^2m^2 - b^2}}, \pm \frac{b^2}{\sqrt{a^2m^2 - b^2}}\right)$ हैं।

## स्पर्श रेखा युग्म का समीकरण (Equation of pair of tangents)

माना अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} = 1$ के बाहर कोई बिन्दु $P(x_1, y_1)$ है, तब $P$ से स्पर्शी युग्म $PQ$ तथा $PR$ खींचे जा सकते हैं।

स्पर्शी युग्म $PQ$ तथा $PR$ का समीकरण है, $SS_1 = T^2$

जहाँ, $S = \frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} - 1$ , $\frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} = 1$ , $x^2 + y^2 = a^2 - b^2$




**नियामक वृत्त :** अतिपरवलय की परस्पर लम्बवत् स्पर्श रेखाओं के प्रतिच्छेद बिन्दु का बिन्दुपथ नियामक वृत्त कहलाता है।

अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} = 1$ के नियामक वृत्त का समीकरण $x^2 + y^2 = a^2 - b^2$ है।

## अभिलम्ब के समीकरणों के विभिन्न रूप
**(Equations of normal in different forms)**

(1) **बिन्दु रूप :** बिन्दु $(x_1, y_1)$ पर अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} = 1$ के अभिलम्ब का समीकरण है, $\frac{a^2x}{x_1} + \frac{b^2y}{y_1} = a^2 + b^2$

(2) **प्राचलिक रूपः** बिन्दु $(a \sec \theta, b \tan \theta)$ पर अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} = 1$ के अभिलम्ब का समीकरण है,

$ax \cos \theta + by \cot \theta = a^2 + b^2$

(3) **प्रवणता रूप :** अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} = 1$ पर अभिलम्ब का प्रवणता $m$ के पदों में समीकरण है, $y = mx \mp \frac{m(a^2 + b^2)}{\sqrt{a^2 - b^2m^2}}$

(4) **अभिलम्बता का प्रतिबन्ध :** यदि सरल रेखा $y = mx + c$, अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} = 1$ का अभिलम्ब है, तब $c = \mp \frac{m(a^2 + b^2)}{\sqrt{a^2 - m^2b^2}}$ या $c^2 = \frac{m^2(a^2 + b^2)^2}{(a^2 - m^2b^2)}$, जो कि अभिलम्बता का प्रतिबन्ध है।

(5) **स्पर्श बिन्दु :** स्पर्श बिन्दु के निर्देशांक $\left(\pm \frac{a^2}{\sqrt{a^2 - b^2m^2}}, \mp \frac{mb^2}{\sqrt{a^2 - b^2m^2}}\right)$ हैं।

## किसी बिन्दु से अतिपरवलय पर खींची गयी स्पर्श रेखाओं की स्पर्श जीवा का समीकरण (Equation of chord of contact of tangents drawn from a point to a hyperbola)

माना, किसी बाह्य बिन्दु $P(x_1, y_1)$ से अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} = 1$ पर खींची गयी स्पर्श रेखायें $PQ$ तथा $PR$ हैं।




तब स्पर्श जीवा $QR$ का समीकरण है, $\frac{xx_1}{a^2} - \frac{yy_1}{b^2} = 1$ या $T = 0$ (बिन्दु $x_1, y_1$ पर)

## अतिपरवलय की जीवा का समीकरण, जिसका मध्यबिन्दु ($x_1$, $y_1$) ज्ञात है (Equation of the chord of the hyperbola whose mid point ($x_1$, $y_1$) is given)

अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} = 1$ की उस जीवा का समीकरण, जो दियें गए बिन्दु $(x_1, y_1)$ पर समद्विभाजित होती है,

$\frac{xx_1}{a^2} - \frac{yy_1}{b^2} - 1$

$= \frac{x_1^2}{a^2} - \frac{y_1^2}{b^2} - 1$




अर्थात् $T = S_1$ होगा।

## अतिपरवलय पर दो बिन्दुओं को मिलाने वाली जीवा का समीकरण (Equation of the chord joining two points on the hyperbola)

बिन्दुओं $P(a \sec \phi_1, b \tan \phi_1)$ तथा $Q(a \sec \phi_2, b \tan \phi_2)$ को मिलाने वाली जीवा का समीकरण है

$$y - b \tan \phi_1 = \frac{b \tan \phi_2 - b \tan \phi_1}{a \sec \phi_2 - a \sec \phi_1}(x - a \sec \phi_1)$$

$$\frac{x}{a} \cos\left(\frac{\phi_1 - \phi_2}{2}\right) - \frac{y}{b} \sin\left(\frac{\phi_1 + \phi_2}{2}\right) = \cos\left(\frac{\phi_1 + \phi_2}{2}\right)$$

## ध्रुव तथा ध्रुवी (Pole and Polar)

माना अतिपरवलय के अन्तः या बाह्यतः कोई बिन्दु $P$ है। यदि $P$ से खींची गई सरल रेखा अतिपरवलय को $A$ तथा $B$ पर प्रतिच्छेद करती है, तब बिन्दुओं $A$ तथा $B$ पर अतिपरवलय की स्पर्श रेखाओं के प्रतिच्छेद बिन्दु का बिन्दुपथ अतिपरवलय के सापेक्ष दिये गये बिन्दु $P$ की ध्रुवी कहलाती हैं तथा बिन्दु $P$, इस ध्रुवी का ध्रुव कहलाता है।

अतः अभीष्ट ध्रुवी का समीकरण है, $\frac{xx_1}{a^2}-\frac{yy_1}{b^2}=1$, (जबकि $(x_1,y_1)$ ध्रुव है)

नाभि की ध्रुवी नियता होती है।

कोई स्पर्श रेखा, स्वयं के स्पर्श बिन्दु की ध्रुवी होती है।







**दी गई रेखा का ध्रुव :** अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=1$ के सापेक्ष दी गई रेखा $lx+my+n=0$ का ध्रुव $(x_1,y_1)=\left(-\frac{a^2l}{n},\frac{b^2m}{n}\right)$ है।

**ध्रुव तथा ध्रुवी के गुणधर्म :**

(i) यदि $P(x_1,y_1)$ की ध्रुवी $Q(x_2,y_2)$ से होकर गुजरती है, तब $Q(x_2,y_2)$ की ध्रुवी $P(x_1,y_1)$ से होकर जायेगी तथा इस प्रकार के बिन्दुओं को संयुग्मी बिन्दु कहते हैं।

(ii) यदि रेखा $lx+my+n=0$ का ध्रुव अन्य रेखा $l'x+m'y+n'=0$ पर स्थित है, तब दूसरी रेखा का ध्रुव पहली रेखा पर स्थित होगा तथा इस प्रकार की रेखाओं को संयुग्मी रेखायें कहते हैं।

(iii) किसी दी गई रेखा का ध्रुव, इसके सिरों पर स्पर्श रेखाओं का प्रतिच्छेद बिन्दु होता है।

## अतिपरवलय का व्यास (Diameter of the hyperbola)

अतिपरवलय की समान्तर जीवाओं के निकाय के मध्य बिन्दुओं का बिन्दुपथ अतिपरवलय का व्यास कहलाता हैं तथा वह बिन्दु, जहाँ व्यास अतिपरवलय को प्रतिच्छेदित करता है, व्यास का शीर्ष कहलाता है। माना अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=1$ की विभिन्न जीवाओं के लिये समान्तर जीवाओं का निकाय $y=mx+c$ है, तब अतिपरवलय के व्यास का समीकरण $y=\frac{b^2x}{a^2m}$ है, जो (0, 0) से होकर गुजरता है।




**संयुग्मी व्यास :** जब अतिपरवलय के दो व्यासों में से प्रत्येक, दूसरे की समान्तर जीवाओं को समद्विभाजित करता है, तो वे दोनों व्यास संयुग्मी व्यास कहलाते हैं।

यदि संयुग्मी व्यास $y=m_1x$, $y=m_2x$ हैं,

तब $m_1m_2=\frac{b^2}{a^2}$.

## अतिपरवलय की अधोस्पर्शी तथा अधोलम्ब
## (Subtangent and Subnormal of the hyperbola)

माना बिन्दु $P(x_1,y_1)$ पर स्पर्श रेखा तथा अभिलम्ब $x$-अक्ष को क्रमशः $A$ तथा $B$ पर मिलते हैं। अधोस्पर्शी की लम्बाई $AN=CN-CA=x_1-\frac{a^2}{x_1}$

अधोलम्ब की लम्बाई =

$$BN=CB-CN=\frac{(a^2+b^2)}{a^2}x_1-x_1=\frac{b^2}{a^2}x_1=(e^2-1)x_1$$




## अतिपरवलय की अनन्त स्पर्शियाँ (Asymptotes of a hyperbola)

मूल बिन्दु से निश्चित दूरी पर किसी वक्र की अनन्त स्पर्शियाँ, वे सरल रेखाएँ हैं, जो कि वक्र को अनन्त पर स्पर्श करती हैं।

अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=1$ की दो अनन्त स्पर्शियों के समीकरण $y=\pm\frac{b}{a}x$ या $\frac{x}{a}\pm\frac{y}{b}=0$ हैं।

**अनन्त स्पर्शियों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दु :**

(i) अतिपरवलय $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=1$ की अनन्त स्पर्शियों का सयुंक्त समीकरण $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=0$ होता है।

(ii) यदि $b=a$, अर्थात् आयताकार अतिपरवलय $x^2-y^2=a^2$ की अनन्त स्पर्शियाँ $y=\pm x$ होती हैं, जो कि लम्बवत् हैं।




(iii) अतिपरवलय तथा इसके सयुंग्मी की अनन्त स्पर्शियाँ एक समान होती हैं।

(iv) अनन्त स्पर्शी युग्म तथा अतिपरवलय में अन्तर और संयुग्मी अतिपरवलय तथा अनन्त स्पर्शियों में अन्तर एक समान होता है, अर्थात $\left(\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}-1\right)-\left(\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}\right)=\left(\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}\right)-\left(\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}+1\right)$.

(v) अनन्त स्पर्शियाँ अतिपरवलय के केन्द्र से होकर जाती हैं।

(vi) अनन्त स्पर्शियों के मध्य कोणों का समद्विभाजक निर्देशांक अक्ष होता है।

(vii) अतिपरवलय $S=0$ अर्थात् $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=1$ की अनन्त स्पर्शियों के मध्य कोण $2\tan^{-1}\frac{b}{a}$ या $2\sec^{-1}e$ होता है।

(viii) अनन्त स्पर्शियाँ, अतिपरवलय के अक्ष से बराबर कोण पर झुकी होती हैं।

## समकोणीय या आयताकार अतिपरवलय

**(Rectangular or equilateral hyperbola)**

(1) **परिभाषा :** वह अतिपरवलय, जिसकी अनन्त स्पर्शियाँ परस्पर लम्बवत् हों, आयताकार या समकोणिक अतिपरवलय कहलाता है। आयताकार अतिपरवलय की उत्केन्द्रता सदैव $\sqrt{2}$ होती है।

द्विघात का व्यापक समीकरण एक आयताकार अतिपरवलय को प्रदर्शित करता है, यदि $\Delta \neq 0$, $h^2 > ab$ तथा $x^2$ का गुणांक + $y^2$ का गुणांक = 0

(2) **अतिपरवलय $xy = c^2$ पर किसी बिन्दु के प्राचलिक निर्देशांक :** यदि $t$ अशून्य अचर है, तब समकोणिक अतिपरवलय $xy = c^2$ पर किसी बिन्दु के प्राचलिक निर्देशांक $(ct, c/t)$ होंगे। अतिपरवलय $xy = c^2$ पर बिन्दु $(ct, c/t)$ को बिन्दु '$t$' से निर्देशित करते हैं।

समकोणिक अतिपरवलय $x^2 - y^2 = a^2$ के लिये नाभियों के निर्देशांक $(\pm a\sqrt{2}, 0)$ तथा नियतायें $x = \pm a\sqrt{2}$ होती हैं।

समकोणिक अतिपरवलय $xy = c^2$ के लिये नाभियों के निर्देशांक $(\pm c\sqrt{2}, \pm c\sqrt{2})$ तथा नियतायें $x + y = \pm c\sqrt{2}$ होती हैं।

(3) **बिन्दुओं $t_1$ तथा $t_2$ को मिलाने वाली जीवा का समीकरण :** अतिपरवलय $xy = c^2$ पर दो बिन्दुओं $\left(ct_1, \frac{c}{t_1}\right)$ तथा $\left(ct_2, \frac{c}{t_2}\right)$ को मिलाने वाली जीवा का समीकरण है, $y - \frac{c}{t_1} = \frac{\frac{c}{t_2} - \frac{c}{t_1}}{ct_2 - ct_1}(x - ct_1)$

$\Rightarrow x + y\,t_1 t_2 = c(t_1 + t_2)$.

(4) **स्पर्श रेखा के समीकरण के विभिन्न रूप :**

(i) **बिन्दु रूप :** बिन्दु $(x_1, y_1)$ पर अतिपरवलय $xy = c^2$ की स्पर्श रेखा का समीकरण है, $xy_1 + yx_1 = 2c^2$ या $\frac{x}{x_1} + \frac{y}{y_1} = 2$

(ii) **प्राचलिक रूप :** अतिपरवलय $xy = c^2$ के बिन्दु $\left(ct, \frac{c}{t}\right)$ पर स्पर्श रेखा का समीकरण है, $\frac{x}{t} + yt = 2c$

$x_1$ को $ct$ से तथा $y_1$ को $\frac{c}{t}$ से प्रतिस्थापित करने पर बिन्दु $(x_1, y_1)$ पर स्पर्श रेखा का समीकरण $xy_1 + yx_1 = 2c^2$, प्राचलिक समीकरण $\frac{x}{t} + yt = 2c$ के रूप में परिवर्तित हो जाता है।

बिन्दुओं '$t_1$' तथा '$t_2$' पर स्पर्श रेखाओं का प्रतिच्छेद बिन्दु $\left(\frac{2ct_1t_2}{t_1 + t_2}, \frac{2c}{t_1 + t_2}\right)$ होता है।

(5) **अभिलम्ब के समीकरण के विभिन्न रूप :**

(i) **बिन्दु रूप :** बिन्दु $(x_1, y_1)$ पर अतिपरवलय $xy = c^2$ के अभिलम्ब का समीकरण हैं, $xx_1 - yy_1 = x_1^2 - y_1^2$.

(ii) **प्राचलिक रूप :** बिन्दु $\left(ct, \frac{c}{t}\right)$ पर अतिपरवलय $xy = c^2$ के अभिलम्ब का समीकरण $xt^3 - yt - ct^4 + c = 0$ होगा, जो समीकरण $xx_1 - yy_1 = x_1^2 - y_1^2$, में $x_1$ को $ct$ तथा $y_1$ को $\frac{c}{t}$ से प्रतिस्थापित करने पर प्राप्त होता है।

अर्थात् $xct - \frac{yc}{t} = c^2t^2 - \frac{c^2}{t^2} \Rightarrow xt^3 - yt - ct^4 + c = 0$

बिन्दु $\left(ct, \frac{c}{t}\right)$ पर अभिलम्ब का समीकरण, $t$ में चतुर्थ घातीय है, अतः, सामान्यतः किसी बिन्दु से अतिपरवलय $xy = c^2$ पर चार अभिलम्ब खींचे जा सकते हैं।

बिन्दु $\left(ct, \frac{c}{t}\right)$ से वक्र $xy = c^2$ पर अभिलम्ब, वक्र को पुनः $t'$ में मिलता है, तब $t' = \frac{-1}{t^3}$। बिन्दुओं '$t_1$' व '$t_2$' पर अभिलम्बों का प्रतिच्छेद बिन्दु $\left(\frac{c\{t_1t_2(t_1^2 + t_1t_2 + t_2^2) - 1\}}{t_1t_2(t_1 + t_2)}, \frac{c\{t_1^3t_2^3 + (t_1^2 + t_1t_2 + t_2^2)\}}{t_1t_2(t_1 + t_2)}\right)$ होता है।

## Tips & Tricks

- परवलय $y^2 = 4ax$ के अन्दर बने त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{8a}(y_1 \sim y_2)(y_2 \sim y_3)(y_3 \sim y_1)$, जहाँ $y_1, y_2, y_3$ शीर्षों की कोटियाँ हैं।
- परवलय $y^2 = 4ax$ के अन्दर बने समबाहु त्रिभुज की भुजा की लम्बाई $= 8a\sqrt{3}$ (एक कोणीय बिन्दु शीर्ष पर है)।
- परवलय, जिसकी नाभि मूलबिन्दु तथा अक्ष, $x$-अक्ष है, का समीकरण $y^2 = 4a(x + a)$ है।
- परवलय, जिसका अक्ष $x$-अक्ष तथा नियता $y$-अक्ष है, का समीकरण $y^2 = 4a(x - a)$ है।
- परवलय, जिसकी नाभि मूल बिन्दु तथा अक्ष, $y$-अक्ष है, का समीकरण $x^2 = 4a(y + a)$ है।
- परवलय, जिसका अक्ष, $y$-अक्ष तथा नियता $x$-अक्ष है, का समीकरण $x^2 = 4a(y - a)$ है।
- यदि परवलय के शीर्ष तथा नाभि $x$-अक्ष पर, मूलबिन्दु से क्रमशः $a$ तथा $a'$ दूरी पर हैं, तब परवलय का समीकरण $y^2 = 4(a' - a)(x - a)$ होगा।
- परवलय, जिसका अक्ष, $x$-अक्ष के समान्तर है, का समीकरण $x = Ay^2 + By + C$ तथा $y$-अक्ष के समान्तर परवलय का समीकरण $y = Ax^2 + Bx + C$ होता है।
- यदि सरल रेखा $lx + my + n = 0$, परवलय $y^2 = 4ax$ को स्पर्श करती है, तब $ln = am^2$
- यदि सरलरेखा $x\cos\alpha + y\sin\alpha = p$, परवलय $y^2 = 4ax$, को स्पर्श करती है, तब $p\cos\alpha + a\sin^2\alpha = 0$ तथा स्पर्श बिन्दु $(a\tan^2\alpha, -2a\tan\alpha)$ है।
- यदि रेखा $\frac{x}{l} + \frac{y}{m} = 1$, परवलय $y^2 = 4a(x + b)$ को स्पर्श करती है, तब $m^2(l + b) + al^2 = 0$.
- यदि दो परवलय $y^2 = 4x$ तथा $x^2 = 4y$ बिन्दु $P$, जिसकी भुज शून्य नहीं है, पर प्रतिच्छेद करते हैं। तब बिन्दु $P$ पर प्रत्येक वक्र की स्पर्श रेखा $x$-अक्ष के साथ पूरक कोण बनाती है।

- परवलय की नाभीय जीवा के सिरों पर खींची गई स्पर्श रेखायें नियता से समकोण पर मिलती हैं।
- परवलय के किन्हीं तीन बिन्दुओं को मिलाने से प्राप्त त्रिभुज का क्षेत्रफल, उन बिन्दुओं पर खींची गई स्पर्श रेखाओं से निर्मित त्रिभुज के क्षेत्रफल का दुगुना होता है।
- यदि परवलय के बिन्दुओं $P$ तथा $Q$ पर खींची गई स्पर्श रेखायें $T$ पर मिलती हैं, तब $SP$ तथा $SQ$ का गुणोत्तर माध्य $ST$ होगा, अर्थात् $ST^2 = SP.SQ$
- परवलय की नाभीय जीवा के एक सिरे पर स्पर्श रेखा दूसरे सिरे पर अभिलम्ब के समान्तर होती है।
- परवलयों $y^2 = 4ax$ तथा $x^2 = 4by$ के मध्य प्रतिच्छेदन कोण $\tan^{-1}\left|\frac{3a^{1/3}b^{1/3}}{2(a^{2/3}+b^{2/3})}\right|$ होता है।
- परवलयों $y^2 = 4ax$ तथा $x^2 = 4by$ की उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा का समीकरण $a^{\frac{1}{3}}x + b^{\frac{1}{3}}y + a^{\frac{2}{3}}b^{\frac{2}{3}} = 0$ होता है।
- रेखा $lx + my + n = 0$, परवलय $y^2 = 4ax$ पर अभिलम्ब होगी, यदि $al(l^2 + 2m^2) + m^2 n = 0$
- यदि $(at_1^2, 2at)$ तथा $(at_2^2, 2at_2)$ पर खींचे गये अभिलम्ब परवलय $y^2 = 4ax$ पर मिलते हैं, तब $t_1 t_2 = 2$
- यदि परवलय के बिन्दु $P(at^2, 2at)$ पर अभिलम्ब परवलय के शीर्ष पर समकोण अन्तरित करता है, तब $t^2 = 2$
- यदि परवलय $y^2 = 4ax$ का अभिलम्ब अक्ष के साथ $\phi$ कोण बनाता है, तब यह वक्र को $\tan^{-1}\left(\frac{1}{2}\tan\phi\right)$ के कोण पर काटता है।
- यदि परवलय $y^2 = 4ax$ के दो बिन्दुओं $P$ तथा $Q$ पर अभिलम्ब वक्र के तीसरे बिन्दु $R$ पर प्रतिच्छेद करता है, तब $P$ तथा $Q$ की कोटियों का गुणनफल $8a^2$ होगा।
- परवलय की दो लम्बवत् स्पर्श रेखाओं के स्पर्श बिन्दुओं को मिलाने वाली स्पर्श जीवा सदैव नाभि से होकर गुजरती है।
- यदि बिन्दु $(x_1, y_1)$ से परवलय $y^2 = 4ax$, पर स्पर्श रेखायें खींची जायें, तब स्पर्श जीवा की लम्बाई

$$= \frac{1}{|a|}\sqrt{(y_1^2 - 4ax_1)(y_1^2 + 4a^2)}$$




- बिन्दु $(x_1, y_1)$ से परवलय $y^2 = 4ax$ पर खींची गयी स्पर्श रेखाओं तथा इनकी स्पर्श जीवा से निर्मित त्रिभुज का क्षेत्रफल $\frac{(y_1^2 - 4ax_1)^{3/2}}{2a}$ होता है।
$\therefore$ अतिपरवलय का समीकरण $\frac{x^2}{4} - \frac{y^2}{12} = 1$ होगा।

**105.** (c) समीकरण $x^2 + y^2 = 5$ और $y^2 = 4x$ को हल करने पर,

$x^2 + 4x - 5 = 0$ अर्थात् $x = 1, -5$

$x = 1$ के लिए; $y^2 = 4 \Rightarrow y = \pm 2$

$x = -5$ के लिए ; $y^2 = -20$ (काल्पनिक मान)

$\therefore$ अभीष्ट बिन्दु (1, 2), (1, –2) हैं।

समीकरण $x^2 + y^2 = 5$ के बिन्दु (1, 2) पर $m_1$ के लिए

$\frac{dy}{dx} = -\frac{x}{y}\bigg|_{(1,2)} = -\frac{1}{2}$

इसी प्रकार $y^2 = 4x$ के लिए बिन्दु (1, 2) पर $m_2 = 1$ होगा।

$\therefore \tan\theta = \left|\frac{m_1 - m_2}{1 + m_1m_2}\right| = \left|\frac{-\frac{1}{2} - 1}{1 - \frac{1}{2}}\right| = 3$.

**106.** (c) $\because \frac{2b^2}{a} = 9 \Rightarrow 2b^2 = 9a$ .....(i)

अब $b^2 = a^2(e^2 - 1) = \frac{9}{16}a^2 \Rightarrow a = \frac{4}{3}b$ .....(ii), ($\because e = \frac{5}{4}$)

(i) व (ii) से, $b = 6$, $a = 8$

अतः अतिपरवलय का समीकरण $\frac{x^2}{64} - \frac{y^2}{36} = 1$ है।

**107.** (e) पहले वक्र की प्रवणता $\left(\frac{dy}{dx}\right)_I = -\frac{4x}{py}$

दूसरे वक्र की प्रवणता $\left(\frac{dy}{dx}\right)_{II} = \frac{x}{4y}$

लाम्बिक प्रतिच्छेदन के लिए $\left(-\frac{4x}{py}\right)\left(\frac{x}{4y}\right) = -1$

$\Rightarrow x^2 = py^2$

दिये गये वक्रों के समीकरणों को हल करने पर

$x = 3$, $y = 1$

$\therefore$ $p(1) = (3)^2 = 9 \Rightarrow p = 9$.

**108.** (a) $\frac{x^2}{3} - \frac{y^2}{2} = 1$

चूँकि स्पर्श रेखा अक्षों से समान कोण पर झुकी है अर्थात् $\tan\theta = 1 = m$.

$\therefore$ स्पर्श रेखा का समीकरण $y = mx + \sqrt{a^2m^2 - b^2}$

दिया गया समीकरण $\frac{x^2}{3} - \frac{y^2}{2} = 1$ अतिपरवलय है जो कि $\frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} = 1$ प्रकार का है।

अब तुलना करने पर, $a^2 = 3$, $b^2 = 2$

$\therefore$ $y = 1.x + \sqrt{3 \times (1)^2 - 2} \Rightarrow y = x + 1$.

## Critical Thinking Questions

**1.** (c) दिए गए समीकरण $2x^2 + 3y^2 - 8x - 18y + 35 - k = 0$ की तुलना $ax^2 + by^2 + 2hxy + 2gx + 2fy + c = 0$ से करने पर,

$a = 2,\ b = 3,\ h = 0,\ g = -4,\ f = -9,\ c = 35 - k$

$\Delta = abc + 2fgh - af^2 - bg^2 - ch^2$

$= 6(35 - k) + 0 - 162 - 48 - 0$

$\Delta = 210 - 6k - 210 = -6k$ ; $\Delta = 0$, यदि $k = 0$

अतः यह एक बिन्दु का समीकरण है, यदि $k = 0$.

**2.** (a) समीकरण $y = 5x^2 + 2x + 3$ में $y = 2\sin x$ रखने पर,

$\Rightarrow 2\sin x = 5x^2 + 2x + 3$

$\Rightarrow 5x^2 + 2x + 3 - 2\sin x = 0$ .....(i)

$x = \frac{-2 \pm \sqrt{4 - 20(3 - 2\sin x)}}{10}$.

यह स्पष्ट है कि प्रतिच्छेद बिन्दुओं की संख्या शून्य है। चूँकि $0 \le \sin x \le 1$ अतः सभी मानों के लिए यह अधिकल्पित है।

**3.** (a) $\frac{(y - 2at_2)}{(2at_2 - 2at_1)} = \frac{x - at_2^2}{(at_2^2 - at_1^2)}$ चूँकि नाभि अर्थात् $(a, 0)$ इस पर स्थित है। अतः,

$\frac{-2at_2}{2a(t_2 - t_1)} = \frac{a(1 - t_2^2)}{a(t_2 - t_1)(t_2 + t_1)} \Rightarrow -t_2 = \frac{(1 - t_2^2)}{(t_2 + t_1)}$

$\Rightarrow -t_2^2 - t_1t_2 = 1 - t_2^2 \Rightarrow t_1t_2 = -1$.

**4.** (c) $\alpha = \frac{at^2 + a}{2}$, $\beta = \frac{2at + 0}{2} \Rightarrow 2\alpha = at^2 + a, at = \beta$

$\therefore$ $2\alpha = a.\frac{\beta^2}{a^2} + a$ या $2a\alpha = \beta^2 + a^2$

$\therefore$ बिन्दुपथ $y^2 = \frac{4a}{2}\left(x - \frac{a}{2}\right) = 4b(x - b), \left(b = \frac{a}{2}\right)$

$\therefore$ नियता $(x - b) + b = 0 \Rightarrow x = 0$ है।

**5.** (a) परवलय $y = x^2$ .....(i)

व सरल रेखा $y = 2x - 4$ .....(ii)

(i) व (ii) से, $x^2 - 2x + 4 = 0$

माना $f(x) = x^2 - 2x + 4$, $\therefore$ $f'(x) = 2x - 2$.

न्यूनतम दूरी के लिए $f'(x) = 0 \Rightarrow 2x - 2 = 0 \Rightarrow x = 1$

$y = x^2$ से $y = 1$

अतः रेखा से न्यूनतम दूरी पर स्थित बिन्दु (1, 1) है।

6. (d) चित्रानुसार, नाभिलम्ब की लम्बाई

$$2(SM) = 2 \times \frac{u^2}{2g}(1 + \cos 2\alpha) = \frac{2u^2 \cos^2 \alpha}{g}.$$




7. (c) परवलय का समीकरण है, $y^2 = 4.\frac{k}{4}\left(x - \frac{8}{k}\right)$

$y = Y, x - \frac{8}{k} = X$ रखने पर, $Y^2 = 4.\frac{k}{4}.X$

$\therefore$ नियता $X + \frac{k}{4} = 0$ अर्थात् $x - \frac{8}{k} + \frac{k}{4} = 0$ है।

किन्तु नियता $x - 1 = 0$ है अतः $\frac{8}{k} - \frac{k}{4} = 1 \Rightarrow k = -8, 4$.

8. (c) परवलय $y = x^2$ के बिन्दु (2,4) पर स्पर्श रेखा है,

$\frac{1}{2}(y + 4) = x.2 \Rightarrow 4x - y - 4 = 0$ यह वृत्त पर स्पर्शी भी है। अतः वृत्त का केन्द्र (2, 4) से जाने वाले अभिलम्ब पर स्थित होगा। जिसका समीकरण $x + 4y = \lambda$, जहाँ $2 + 16 = \lambda$

अतः $x + 4y = 18$ यह अभिलम्ब का समीकरण है जिस पर $(h,k)$ स्थित है।

$\therefore h + 4k = 18$ .....(i)

पुनः $(h,k)$ बिन्दुओं (2,4) व (0,1) से समदूरस्थ है।

अतः $(h-2)^2 + (k-4)^2 = h^2 + (k-1)^2$

$\Rightarrow 4h + 6k = 19$ .....(ii)

(i) व (ii) से, $h = \frac{-16}{5}, k = \frac{53}{10}$ अतः केन्द्र $= \left(\frac{-16}{5}, \frac{53}{10}\right)$.

9. (a,b) परवलय $y^2 = 2px$ की नाभि है, $(p/2, 0)$ .....(i)

अतः वृत्त की त्रिज्या जिसका केन्द्र $(p/2, 0)$ एवं जो नियता $x + (p/2) = 0$ को स्पर्श करता है, $p$ है।

$\therefore$ वृत्त का समीकरण $\left(x - \frac{p}{2}\right)^2 + y^2 = p^2$ .....(ii)

(i) व (ii) को हल करने पर प्रतिच्छेद बिन्दु $\left(\frac{p}{2}, p\right), \left(\frac{p}{2}, -p\right)$ प्राप्त होते हैं।

10. (b) $y^2 = 4ax \Rightarrow 2y\left(\frac{dy}{dx}\right)_1 = 4a \Rightarrow \left(\frac{dy}{dx}\right)_1 = \frac{2a}{y}$ .....(i)

वक्र $y = e^{-x/2a}$ लेने पर

$\left(\frac{dy}{dx}\right)_2 = e^{-x/2a}\left(-\frac{1}{2a}\right) = -\frac{y}{2a}$ .....(ii)

दोनों वक्र एक दूसरे को समकोण पर काटते हैं, यदि

$\left(\frac{dy}{dx}\right)_1\left(\frac{dy}{dx}\right)_2 = -1 \Rightarrow \left(-\frac{y}{2a}\right)\left(\frac{2a}{y}\right) = -1$.

11. (b) वक्र $y^2 = 2x/\pi$ और $y = \sin x$ एक दूसरे को (0,0) और $(\pi/2, 1)$ पर काटते हैं। माना कि वक्र पर स्पर्श रेखाओं की प्रवणता $m_1$ और $m_2$ है, तब $m_1 = \frac{dy}{dx} = \frac{1}{\pi y}$ और

$m_2 = \frac{dy}{dx} = \cos x$




$(\pi/2, 1)$ पर $m_1 = \frac{1}{\pi}$,

$m_2 = \cos\frac{\pi}{2} = 0$

अतः $\tan\theta = \frac{(1/\pi) - 0}{1 + (1/\pi)(0)} = \frac{1}{\pi} \Rightarrow \theta = \cot^{-1}\pi$.

12. (d) परवलय $y^2 = 8x$ पर कोई बिन्दु $(2t^2, 4t)$ हैं, जहाँ स्पर्शी $yt = x + 2t^2$ है।

इसे $xy = -1$, के साथ हल करने पर $y(yt - 2t^2) = -1$

या $ty^2 - 2t^2y + 1 = 0$.

उभयनिष्ठ जीवा के लिए, इस समीकरण के मूल बराबर होंगे।

$\therefore 4t^4 - 4t = 0 \Rightarrow t = 0, 1$.

$\therefore$ उभयनिष्ठ जीवा $y = x + 2$ है। (जब $t = 0$, तब $x = 0$ जो $xy = -1$ को अनन्त पर स्पर्श करती है)

13. (c) माना नाभि $S(0,0)$ है तथा $A$ परवलय का शीर्ष है। एक बिन्दु $Z$ इस प्रकार लेते हैं कि $AS = AZ$. शीर्ष पर स्पर्शी का समीकरण $x - y + 1 = 0$ है।

$\therefore$ नियता, शीर्ष पर स्पर्शी के समान्तर होती है




$\therefore$ नियता का समीकरण $x - y + \lambda = 0$, जहाँ $\lambda$ अचर है।

$\because$ $SZ$ का मध्य बिन्दु A है, $\therefore$ $SZ = 2.SA$

$\Rightarrow \frac{|0 - 0 + \lambda|}{\sqrt{1^2 + (-1)^2}} = 2 \times \frac{|0 - 0 + 1|}{\sqrt{1^2 + (-1)^2}} \Rightarrow |\lambda| = 2$

अर्थात् $\lambda = 2$

$\because$ नियता, II चतुर्थांश में है; $\therefore \lambda = 2$

अतः नियता का समीकरण $x - y + 2 = 0$ है

अब, माना परवलय पर कोई बिन्दु $P$ है।

$\therefore SP = PM \Rightarrow SP^2 = PM^2$

$\Rightarrow (x-0)^2 + (y-0)^2 = \left(\frac{|x - y + 2|}{\sqrt{2}}\right)^2$

$\Rightarrow x^2 + y^2 + 2xy - 4x + 4y - 4 = 0.$

14. (d) दिये गये परवलय $y^2 = 4ax$ .....(i)

$x^2 = 4ay$ .....(ii)

समीकरण (ii) से $y$ का मान (i) में रखने पर,

$\frac{x^4}{16a^2} = 4ax \Rightarrow x(x^3 - 64a^3) = 0 \Rightarrow x = 0, 4a$.

(ii) से, $y = 0, 4a$. माना $A \equiv (0,0); B \equiv (4a, 4a)$

चूँकि दी गयी रेखा $2bx + 3cy + 4d = 0$ है जो कि बिन्दु $A$ तथा $B$ से गुजरती है

$\therefore d = 0$ और $8ab + 12ac = 0 \Rightarrow 2b + 3c = 0$, ($\because a \neq 0$)

स्पष्टतः $d^2 + (2b + 3c)^2 = 0$.

**15.** (a) परवलय का समीकरण $y^2 = 4ax$ .....(i)

उस जीवा का समीकरण जिसका मध्य बिन्दु $(x_1, y_1)$ हैं,

$yy_1 - 2a(x + x_1) = y_1^2 - 4ax_1$

$\Rightarrow yy_1 - 2ax = y_1^2 - 2ax_1$ या $\frac{yy_1 - 2ax}{y_1^2 - 2ax_1} = 1$ .....(ii)

तब परवलय के शीर्ष तथा स्पर्शी के स्पर्श बिन्दु से जाने वाली स्पर्श रेखा का समीकरण $y^2 = 4ax\frac{yy_1 - 2ax}{y_1^2 - 2ax_1}$

$\Rightarrow y^2(y_1^2 - 2ax_1) = 4ax(yy_1 - 2ax)$

$\Rightarrow 8a^2x^2 - 4ay_1xy + (y_1^2 - 2ax_1)y^2 = 0$

यदि दोनों रेखायें परस्पर लम्बवत् हों तो

$x^2$ का गुणांक + $y^2$ का गुणांक = 0

तब, $8a^2 + (y_1^2 - 2ax_1) = 0$ या $y_1^2 - 2ax_1 + 8a^2 = 0$

$\therefore (x_1, y_1)$ का अभीष्ट बिन्दुपथ $y^2 - 2ax + 8a^2 = 0$ है।

**16.** (c) परवलय $y^2 = 8x \Rightarrow 4a = 8 \Rightarrow a = 2$

परवलय $y^2 = 8x$ का शीर्ष $O \equiv (0,0)$

नाभिलम्ब जीवा के अन्तः बिन्दु $L(a, 2a); L'(a, -2a)$

$\Rightarrow L(2,4); L'(2,-4)$

वृत्त (0, 0), (2, 4) तथा (2, – 4) से होकर गुजरता है। माना वृत्त का मानक समीकरण $x^2 + y^2 + 2gx + 2fy + c = 0$ को हल करने पर, अभीष्ट वृत्त का समीकरण $x^2 + y^2 - 10x = 0$

**ट्रिकः**विकल्प (c) बिन्दु (2, 4) तथा (2, – 4) से संतुष्ट होता है।

**17.** (a) माना दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} = 1$ है।




$P = (a\cos\theta, b\sin\theta)$, $A$ व

$PN = b\sin\theta$, $AN = a(1 - \cos\theta)$,

$A' \equiv (\pm a, 0)$, $N \equiv (a\cos\theta, 0)$,

$A'N = a(1 + \cos\theta)$

$\frac{(PN)^2}{AN\ A'N} = \frac{b^2\sin^2\theta}{a^2(1 - \cos\theta)(1 + \cos\theta)} = \frac{b^2}{a^2}$.

**18.** (b) $b\sqrt{a^2 - b^2}$ यदि $a > b; a\sqrt{b^2 - a^2}$ यदि $b > a$




$PF_1F_2$ का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}(F_1F_2) \times PL$

$= \frac{1}{2}(2ae) \times y = ae.\frac{b}{a}\sqrt{a^2 - x^2}$

$A = eb\sqrt{a^2 - x^2}$

जो कि उच्चिष्ठ होगा यदि $x = 0$ हो। इस प्रकार $A$ का उच्चिष्ठ मान $eba$ है।

**19.** (a) यहाँ $2a = 10$ मी., $2ae = 8$ मी.; $\therefore e = \frac{4}{5}, a = 5$ मी.

$\therefore b^2 = a^2(1 - e^2) = 9 \Rightarrow b = 3$

अतः अभीष्ट क्षेत्रफल $= \pi ab = 15\pi$ वर्ग मी.

**20.** (b) चूँकि $\angle FBF' = \frac{\pi}{2}$ (दिया है)




$\therefore \angle FBC = \angle F'BC = \pi/4$

$CB = CF \Rightarrow b = ae \Rightarrow b^2 = a^2e^2$

$\Rightarrow a^2(1 - e^2) = a^2e^2$

$\Rightarrow 1 - e^2 = e^2 \Rightarrow 2e^2 = 1 \Rightarrow e = \frac{1}{\sqrt{2}}$.

**21.** (b) चूँकि नियता $y$-अक्ष के समान्तर है, अतः दीर्घवृत्त का अक्ष $x$-अक्ष के समान्तर है।

माना दीर्घवृत्त का समीकरण $\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} = 1$, $(a > b)$

$e^2 = 1 - \frac{b^2}{a^2} \Rightarrow \frac{b^2}{a^2} = 1 - e^2 = 1 - \frac{1}{4} \Rightarrow \frac{b^2}{a^2} = \frac{3}{4}$.

एवं एक नियता $x = 4$ है

$\Rightarrow \frac{a}{e} = 4 \Rightarrow a = 4e = 4.\frac{1}{2} = 2$; $b^2 = \frac{3}{4}a^2 = \frac{3}{4}.4 = 3$

$\therefore$ अभीष्ट दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{4} + \frac{y^2}{3} = 1$ या $3x^2 + 4y^2 = 12$ है।

**22.** (c) रेखा $y = -x\cot\alpha + \frac{p}{\sin\alpha}$ दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} = 1$ पर स्पर्शी होगी यदि $\frac{p}{\sin\alpha} = \pm\sqrt{b^2 + a^2\cot^2\alpha}$

या $p^2 = b^2\sin^2\alpha + a^2\cos^2\alpha$.

**23.** (d) $\frac{ab - y^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} = 1$ या $y^2\left(\frac{a^2 - b^2}{a^2b^2}\right) = \frac{a - b}{a}$

या $y^2 = \left(\frac{ab^2}{a + b}\right)$ व $x^2 = \left(\frac{a^2b}{a + b}\right)$

$\Rightarrow (x, y) = \left(a\sqrt{\frac{b}{a + b}}, b\sqrt{\frac{a}{a + b}}\right)$

दीर्घवृत्त की स्पर्शी की प्रवणता $= \frac{-b^2x}{a^2y} = \frac{-b^2}{a^2}\sqrt{\frac{a}{b}}$

वृत्त की स्पर्शी की प्रवणता $= -\frac{x}{y} = -\sqrt{\frac{a}{b}}$

$\therefore \theta = \tan^{-1}\left[\frac{-\sqrt{\frac{a}{b}} + \frac{b^2}{a^2}\sqrt{\frac{a}{b}}}{1 + \frac{b^2}{a^2}.\frac{a}{b}}\right]$ अर्थात्, $\theta = \tan^{-1}\left[\frac{a - b}{\sqrt{ab}}\right]$.

**नोट :** विद्यार्थी इस प्रश्न को सूत्र की तरह याद रखें।

**24.** (b,d) दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{\frac{1}{4}} + \frac{y^2}{\frac{1}{9}} = 1 \Rightarrow a^2 = \frac{1}{4}$, $b^2 = \frac{1}{9}$

इसकी किसी स्पर्श रेखा का समीकरण $4xx' + 9yy' = 1$

$\therefore m = -\frac{4x'}{9y'} = \frac{8}{9} \Rightarrow x' = -2y'$

और $4x'^2 + 9y'^2 = 1 \Rightarrow 4x'^2 + 9\frac{x'^2}{4} = 1 \Rightarrow x' = \pm\frac{2}{5}$

जब $x' = \frac{2}{5}, y' = -\frac{1}{5}$ और जब $x' = -\frac{2}{5}, y' = \frac{1}{5}$

अतः बिन्दु $\left(\frac{2}{5}, -\frac{1}{5}\right)$ व $\left(-\frac{2}{5}, \frac{1}{5}\right)$ हैं।

**25.** (d) सममिति से, चतुर्भुज; समचतुर्भुज होगा। अतः समचतुर्भुज का क्षेत्रफल, प्रथम चतुर्थांश में स्पर्शी और अक्षों द्वारा बने समकोण त्रिभुज का चार गुना होगा। अब $ae = \sqrt{a^2 - b^2} \Rightarrow ae = 2$

प्रथम निर्देशांक्ष में नाभिलंब के सिरों $\left(2, \frac{5}{3}\right)$ पर स्पर्शी है

$\frac{2}{9}x + \frac{5}{3}\frac{y}{5} = 1$ अर्थात् $\frac{x}{9/2} + \frac{y}{3} = 1$

क्षेत्रफल $= 4.\frac{1}{2}.\frac{9}{2}.3 = 27$ वर्ग इकाई।

**26.** (b) $\frac{x\cos\theta}{3\sqrt{3}} + y\sin\theta = 1$.

अंतःखण्डों का योग $= 3\sqrt{3}\ \sec\theta + \text{cosec}\ \theta = f(\theta)$ (माना)

$f'(\theta) = \frac{3\sqrt{3}\sin^3\theta - \cos^3\theta}{\sin^2\theta\cos^2\theta} \Rightarrow \theta = \frac{\pi}{6}$ पर $f(\theta)$ न्यूनतम है।

**27.** (c) माना स्पर्श बिन्दु

$R \equiv (\sqrt{2}\cos\theta, \sin\theta)$

स्पर्श रेखा *AB* का समीकरण

$\frac{x}{\sqrt{2}}\cos\theta + y\sin\theta = 1$




$\Rightarrow A \equiv (\sqrt{2}\sec\theta, 0); B \equiv (0, \text{cosec}\ \theta)$

माना *AB* का मध्य बिन्दु $Q\ (h, k)$ है

$\Rightarrow h = \frac{\sec\theta}{\sqrt{2}}, k = \frac{\text{cosec}\ \theta}{2} \Rightarrow \cos\theta = \frac{1}{h\sqrt{2}}, \sin\theta = \frac{1}{2k}$

$\Rightarrow \frac{1}{2h^2} + \frac{1}{4k^2} = 1$,

अतः अभीष्ट बिन्दुपथ $\frac{1}{2x^2} + \frac{1}{4y^2} = 1$ है।

**ट्रिक** : दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} = 1$ की स्पर्श रेखाओं के मध्य बिन्दु का बिन्दुपथ अक्षों को $a^2y^2 + b^2x^2 = 4x^2y^2$ के बीच में काटता है।

अर्थात्, $\frac{a^2}{4x^2} + \frac{b^2}{4y^2} = 1$ या $\frac{1}{2x^2} + \frac{1}{4y^2} = 1$.

**28.** (a) बिन्दु $(x_1, y_1)$ पर अभिलम्ब का समीकरण

$\frac{(x - x_1)a^2}{x_1} = \frac{(y - y_1)b^2}{y_1}$ है।

*G* पर, $y = 0 \Rightarrow x = CG = \frac{x_1(a^2 - b^2)}{a^2}$

*g* पर, $x = 0 \Rightarrow y = Cg = \frac{y_1(b^2 - a^2)}{b^2}$

$\frac{x_1^2}{a^2} + \frac{y_1^2}{b^2} = 1 \Rightarrow a^2(CG)^2 + b^2(Cg)^2 = (a^2 - b^2)^2$.

**29.** (a) दीर्घवृत्त का समीकरण $\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} = 1$ .....(i)

माना ध्रुव $(h, k)$ है।

अब दीर्घवृत्त के सापेक्ष $(h, k)$ की ध्रुवी का समीकरण

$$\frac{xh}{a^2} + \frac{yk}{b^2} = 1 \quad .....(ii)$$

यदि यह दीर्घवृत्त का अभिलम्ब है, तब

$ax\sec\theta - by\ \text{cosec}\ \theta = a^2 - b^2$ .....(iii)

(ii) तथा (iii) की तुलना करने पर,

$\frac{(h/a^2)}{a\sec\theta} = \frac{(k/b^2)}{-b\ \text{cosec}\ \theta} = \frac{1}{(a^2 - b^2)}$

$\Rightarrow \cos\theta = \frac{a^3}{h(a^2 - b^2)}$ तथा $\sin\theta = \frac{b^3}{k(a^2 - b^2)}$

वर्ग करके जोड़ने पर, $1 = \frac{1}{(a^2 - b^2)^2}\left(\frac{a^6}{h^2} + \frac{b^6}{k^2}\right)$

$\therefore$ अभीष्ट बिन्दुपथ है, $\frac{a^6}{x^2} + \frac{b^6}{y^2} = (a^2 - b^2)^2$.

**30.** (a) माना $y = m_1x$ व $y = m_2x$ दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} = 1$ के संयुग्मी व्यास हैं एवं माना $P(a\cos\theta, b\sin\theta)$ व $Q(a\cos\phi, b\sin\phi)$ इन व्यासों के सिरे हैं, तो $m_1m_2 = -\frac{b^2}{a^2}$

$\Rightarrow \frac{b\sin\theta - 0}{a\cos\theta - 0} \times \frac{b\sin\phi - 0}{a\cos\phi - 0} = -\frac{b^2}{a^2}$

$\Rightarrow \sin\theta\sin\phi = -\cos\theta\cos\phi \Rightarrow \cos(\theta - \phi) = 0 \Rightarrow \theta - \phi = \pm\frac{\pi}{2}$.

**31.** (d) माना $P(a\sec\theta, b\tan\theta); Q(a\sec\theta, -b\tan\theta)$ द्विगुणित कोटि के सिरे हैं तथा $C(0, 0)$ अतिपरवलय का केन्द्र है। अब $PQ = 2b\tan\theta$




$CQ = CP = \sqrt{a^2\sec^2\theta + b^2\tan^2\theta}$

चूँकि $CQ = CP = PQ$,

$\therefore 4b^2\tan^2\theta = a^2\sec^2\theta + b^2\tan^2\theta$

$\Rightarrow 3b^2\tan^2\theta = a^2\sec^2\theta \Rightarrow 3b^2\sin^2\theta = a^2$

$\Rightarrow 3a^2(e^2 - 1)\sin^2\theta = a^2 \Rightarrow 3(e^2 - 1)\sin^2\theta = 1$

$\Rightarrow \frac{1}{3(e^2 - 1)} = \sin^2\theta < 1$, $(\because \sin^2\theta < 1)$

$\Rightarrow \frac{1}{e^2 - 1} < 3 \Rightarrow e^2 - 1 > \frac{1}{3} \Rightarrow e^2 > \frac{4}{3} \Rightarrow e > \frac{2}{\sqrt{3}}$.

**32.** (b) $\frac{1}{r} = \frac{1}{8} + \frac{3}{8}\cos\theta$ अथवा $\frac{8}{r} = 1 + 3\cos\theta$

जो कि $\frac{l}{r} = 1 + e\cos\theta$ का रूप है।

$\because e = 3 > 0$, $\therefore$ दिया गया समीकरण अतिपरवलय है।

**33.** (a) माना $(h, k)$ प्रतिच्छेद बिन्दु है। $SS_1 = T^2$ से,

$\left(\frac{x^2}{a^2} - \frac{y^2}{b^2} - 1\right)\left(\frac{h^2}{a^2} - \frac{k^2}{b^2} - 1\right) = \left[\frac{hx}{a^2} - \frac{ky}{b^2} - 1\right]^2$

$\Rightarrow x^2\left[\frac{h^2}{a^4} - \frac{k^2}{a^2b^2} - \frac{1}{a^2} - \frac{h^2}{a^4}\right] - y^2\left[\frac{h^2}{a^2b^2} - \frac{k^2}{b^4} - \frac{1}{b^2} + \frac{k^2}{b^4}\right] + ... = 0$

हम जानते हैं, $m_1m_2 = \frac{x^2 \text{ का गुणांक}}{y^2 \text{ का गुणांक}}$

$$\Rightarrow m_1 m_2 = \frac{\frac{k^2}{a^2b^2}+\frac{1}{a^2}}{\frac{h^2}{a^2b^2}-\frac{1}{b^2}} = c^2$$

$$\Rightarrow \left(\frac{k^2+b^2}{h^2-a^2}\right) = c^2 \text{ या } (y^2+b^2) = c^2(x^2-a^2).$$

**34.** (a) $P\ (a\sec\theta, b\tan\theta)$ है।

$P$ पर स्पर्शी $\frac{x\sec\theta}{a} - \frac{y\tan\theta}{b} = 1$ है।

यह $bx - ay = 0$ अर्थात्, $\frac{x}{a} = \frac{y}{b}$ को $Q$ पर मिलती है।

$\therefore Q\left(\frac{a}{\sec\theta - \tan\theta}, \frac{-b}{\sec\theta-\tan\theta}\right)$ है।

यह $bx + ay = 0$ अर्थात् $\frac{x}{a} = -\frac{y}{b}$ को $R$ पर मिलती है।

$\therefore R\left(\frac{a}{\sec\theta + \tan\theta}, \frac{-b}{\sec\theta+\tan\theta}\right)$ है।

$$\therefore CQ.CR = \frac{\sqrt{a^2+b^2}}{(\sec\theta-\tan\theta)}.\frac{\sqrt{a^2+b^2}}{(\sec\theta+\tan\theta)}$$

$= a^2+b^2$, $\{\because \sec^2\theta - \tan^2\theta = 1\}$.

**35.** (b) बिन्दु $(h,k)$ की स्पर्श जीवा का समीकरण $xh - yk = 9$

$x = 9$ से तुलना करने पर $h = 1, k = 0$

बिन्दु (1, 0) पर स्पर्शी युग्म का समीकरण $SS_1 = T^2$ है

$\Rightarrow (x^2-y^2-9)(1^2-0^2-9) = (x-9)^2$

$\Rightarrow -8x^2+8y^2+72 = x^2-18x+81$

$\Rightarrow 9x^2-8y^2-18x+9=0$.

**36.** (d) दिया है, $P\ (a\sec\theta, b\tan\theta)$ और $Q(a\sec\phi, b\tan\phi)$

बिन्दु $P$ पर स्पर्श रेखा का समीकरण है, $\frac{x\sec\theta}{a} - \frac{y\tan\theta}{b} = 1$

स्पर्श रेखा की प्रवणता $(m) = \frac{b}{\tan\theta}\times\frac{\sec\theta}{a} = \frac{b}{a}.\frac{1}{\sin\theta}$

अतः $P$ पर अभिलम्ब का समीकरण है

$y - b\tan\theta = -\frac{a\sin\theta}{b}(x - a\sec\theta)$

या $by - b^2\tan\theta = -a\sin\theta\, x + a^2\tan\theta$

या $a\sin\theta\, x + by = (a^2+b^2)\tan\theta$ .....(i)

इसी प्रकार $Q$ पर अभिलम्ब है,

$a\sin\phi\, x + by = (a^2+b^2)\tan\phi$ .....(ii)

(i) को $\sin\phi$ व (ii) को $\sin\theta$ से गुणा करने पर,

$a\sin\theta\sin\phi\, x + b\sin\phi y = (a^2+b^2)\tan\theta\sin\phi$

$a\sin\phi\sin\theta\, x + b\sin\theta y = (a^2+b^2)\tan\phi\sin\theta$

घटाने पर,

$by(\sin\phi - \sin\theta) = (a^2+b^2)(\tan\theta\sin\phi - \tan\phi\sin\theta)$

$$\therefore y = k = \frac{a^2+b^2}{b}.\frac{\tan\theta\sin\phi - \tan\phi\sin\theta}{\sin\phi-\sin\theta}$$

$\because \theta+\phi = \frac{\pi}{2} \Rightarrow \phi = \frac{\pi}{2}-\theta$

$\Rightarrow \sin\phi = \cos\theta$ व $\tan\phi = \cot\theta$

$$\therefore y = k = \frac{a^2+b^2}{b}.\frac{\tan\theta\cos\theta - \cot\theta\sin\theta}{\cos\theta-\sin\theta}$$

$$= \frac{a^2+b^2}{b}\left(\frac{\sin\theta-\cos\theta}{\cos\theta-\sin\theta}\right) = -\frac{(a^2+b^2)}{b}.$$

**37.** (d) अतिपरवलय का समीकरण

$2x^2+5xy+2y^2+4x+5y=0$ तथा अनंतस्पर्शी का समीकरण है, $2x^2+5xy+2y^2+4x+5y+\lambda=0$ .....(i)

जो कि रेखायुग्म का समीकरण है। हम जानते हैं कि रेखायुग्म का मानक समीकरण $ax^2+2hxy+by^2+2gx+2fy+c=0$ होता है। समीकरण (i) की मानक समीकरण से तुलना करने पर, $a=2, b=2,\ h=\frac{5}{2}, g=2, f=\frac{5}{2}$ तथा $c=\lambda$.

हम जानते हैं कि रेखायुग्म होने की शर्त है, $abc+2fgh-af^2-bg^2-ch^2=0$.

$\therefore\ 4\lambda+25-\frac{25}{2}-8-\frac{25}{4}\lambda=0 \Rightarrow -\frac{9\lambda}{4}+\frac{9}{2}=0$

$\Rightarrow \lambda = 2$, समीकरण (i) में $\lambda$ का मान रखने पर,

$2x^2+5xy+2y^2+4x+5y+2=0$.

**38.** (a) वृत्त $x^2+y^2=1$ एवं अतिपरवलय $x^2-y^2=1$ को हल करने पर स्पर्श बिन्दु (1, 0) एवं (–1, 0) प्राप्त होते हैं। बिन्दु (1, 0) $P$ के निकट है। अतः (1, 0) पर वृत्त एवं अतिपरवलय की उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा $x=1$ होगी।




अतः दीर्घवृत्त पर स्थित किसी बिन्दु $(x, y)$ के लिये $(x, y)$ की नाभि से दूरी $= e[(x=1)$ की नियता की दूरी]

यदि $Q(x,y)$ दीर्घवृत्त पर कोई बिन्दु है, तब इसकी नाभि से दूरी $QP = \sqrt{\left(x-\frac{1}{2}\right)^2+(y-1)^2}$ और इसकी नियता $x=1$ से दूरी $|x-1|$ है।

दीर्घवृत्त की परिभाषानुसार, $QP = e|x-1|$

$$\Rightarrow \sqrt{\left(x-\frac{1}{2}\right)^2+(y-1)^2} = \frac{1}{2}|x-1|$$

$$\Rightarrow 3x^2-2x+4y^2-8y+4=0 \text{ or } \frac{\left(x-\frac{1}{3}\right)^2}{1/9}+\frac{(y-1)^2}{1/12}=1.$$

**39.** (b) वृत्त का समीकरण $x^2+y^2=a^2$

समकोणिक अतिपरवलय $xy=c^2$ का प्राचलिक रूप हैं,

$x=ct,\ y=\frac{c}{t} \Rightarrow c^2t^2+\frac{c^2}{t^2}=a^2 \Rightarrow c^2t^4-a^2t^2+c^2=0$

अतः मूलों का गुणनफल है।

$\Rightarrow t_1t_2t_3t_4 = \frac{c^2}{c^2}=1$.

**40.** (a) $y^2=8x$ पर स्पर्शी $\Rightarrow y = mx+\frac{2}{m}$

$\frac{x^2}{1}-\frac{y^2}{3}=1$ पर स्पर्शी $\Rightarrow y = mx\pm\sqrt{m^2-3}$

तुलना करने पर, $m=\pm 2$, अतः स्पर्शियाँ $2x\pm y+1=0$ हैं।

# शांकव परिच्छेद

## SET Self Evaluation Test -18

1. $x\cos\alpha - y\sin\alpha = a$ तथा $x\sin\alpha - y\cos\alpha = b$ के प्रतिच्छेद बिन्दुओं का बिन्दुपथ है [UPSEAT 2003]
   (a) दीर्घवृत्त (b) अतिपरवलय
   (c) परवलय (d) इनमें से कोई नहीं

2. उस परवलय के नाभिलम्ब की लम्बाई जिसकी नाभि (3, 3) तथा नियता $3x - 4y - 2 = 0$ है, है [UPSEAT 2001]
   (a) 2 (b) 1
   (c) 4 (d) इनमें से कोई नहीं

3. समीकरण $y^2 - 2x - 2y + 5 = 0$ प्रदर्शित करता है [Roorkee 1986, 95]
   (a) एक वृत्त जिसका केन्द्र (1, 1) है
   (b) एक परवलय जिसकी नाभि (1, 2) है
   (c) एक परवलय जिसकी नियता $x = \frac{3}{2}$ है
   (d) एक परवलय जिसकी नियता $x = -\frac{1}{2}$ है

4. परवलय $y^2 + 4y + 4x + 2 = 0$ की नियता का समीकरण है [IIT Screening 2001]
   (a) $x = -1$ (b) $x = 1$
   (c) $x = \frac{-3}{2}$ (d) $x = \frac{3}{2}$

5. प्राचलिक रूप से परिभाषित वक्र $x = t^2 + t + 1$, $y = t^2 - t + 1$ निम्नलिखित में से किसको निरूपित करता है [IIT 1999]
   (a) रेखाओं का युग्म (b) दीर्घवृत्त
   (c) परवलय (d) अतिपरवलय

6. परवलय $y^2 = 4x$ के नाभिलम्ब के सिरों पर खींची गयी स्पर्श रेखाओं का प्रतिच्छेद बिन्दु है [IIT 1994; Kurukshetra CEE 1998]
   (a) (1, 0) (b) (–1, 0)
   (c) (0, 1) (d) (0, –1)

7. यदि परवलय के बिन्दु $P$ व $Q$ पर खींची गयी स्पर्श रेखाओं $T$ पर काटती हैं, तो $SP, ST$ व $SQ$ हैं
   (a) समान्तर श्रेणी में (b) गुणोत्तर श्रेणी में
   (c) हरात्मक श्रेणी में (d) इनमें से कोई नहीं

8. परवलय $y^2 = 4ax$ व रेखा $x - y - a = 0$ के प्रतिच्छेद बिन्दुओं पर खींची गयी स्पर्शियों के बीच का कोण होगा
   (a) $\frac{\pi}{3}$ (b) $\frac{\pi}{4}$
   (c) $\frac{\pi}{6}$ (d) $\frac{\pi}{2}$

9. $y^2 = 12x$ के नाभिलम्ब के सिरों पर खींची गयी स्पर्श रेखाएँ मिलती हैं [RPET 2000]
   (a) नियता (b) शीर्ष
   (c) नाभि (d) इनमें से कोई नहीं

10. यदि परवलय के किसी बिन्दु $P$ पर स्पर्श रेखा तथा अभिलम्ब अक्षो पर क्रमशः $T$ तथा $G$ पर मिलते हैं, तब [RPET 2001]
   (a) $ST \ne SG = SP$
   (b) $ST - SG \ne SP$
   (c) $ST = SG = SP$
   (d) $ST = SG \,.\, SP$

11. वृत्त $x^2 + y^2 = 2a^2$ तथा परवलय $y^2 = 8ax$ की दो उभयनिष्ठ स्पर्श रेखाओं का समीकरण है [AIEEE 2002]
   (a) $x = \pm(y + 2a)$ (b) $y = \pm(x + 2a)$
   (c) $x = \pm(y + a)$ (d) $y = \pm(x + a)$

12. $y^2 = x$ पर बिन्दु $(C, 0)$ से तीन अभिलम्ब खींचे जा सकते हैं, तो [IIT 1991]
   (a) $C = \frac{1}{4}$ (b) $C = \frac{1}{2}$
   (c) $C > \frac{1}{2}$ (d) इनमें से कोई नहीं

13. यदि बिन्दु $(au^2, 2au)$ व $(av^2, 2av)$ परवलय $y^2 = 4ax$ की नाभीय जीवा के सिरें हैं, तब [MP PET 1998]
   (a) $uv - 1 = 0$ (b) $uv + 1 = 0$
   (c) $u + v = 0$ (d) $u - v = 0$

14. परवलय $y^2 = 4ax$ के किसी बिन्दु पर अधोलम्ब की लम्बाई होगी [UPSEAT 2000]
   (a) $\sqrt{2}a$ (b) $2\sqrt{2}$
   (c) $a/\sqrt{2}$ (d) $2a$

15. समीकरण $\frac{x^2}{1-r} - \frac{y^2}{1+r} = 1, r > 1$ प्रदर्शित करता है [IIT 1981]
   (a) एक दीर्घवृत्त (b) एक अतिपरवलय
   (c) एक वृत्त (d) एक काल्पनिक दीर्घवृत्त

16. वृत्त की त्रिज्या जिसका केन्द्र (0,3) व जो दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{16} + \frac{y^2}{9} = 1$ की नाभि से गुजरता है, है [IIT 1995]
   (a) 3 (b) 3.5
   (c) 4 (d) $\sqrt{12}$

17. दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ के अक्ष तथा स्पर्शी के मध्य खींची गयी रेखा के मध्य बिन्दु का बिन्दुपथ होगा [UPSEAT 1999]

(a) $\frac{a^2}{x^2}+\frac{b^2}{y^2}=1$ (b) $\frac{a^2}{x^2}+\frac{b^2}{y^2}=2$

(c) $\frac{a^2}{x^2}+\frac{b^2}{y^2}=3$ (d) $\frac{a^2}{x^2}+\frac{b^2}{y^2}=4$

18. यदि दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{18}+\frac{y^2}{32}=1$ पर खींची गयी स्पर्शी जिसकी प्रवणता $-\frac{4}{3}$ है, क्रमशः दीर्घ व लघु अक्षों को $A$ व $B$ पर काटती है, तो $\Delta OAB$ का क्षेत्रफल होगा ($O$ दीर्घवृत्त का केन्द्र है)

(a) 12 वर्ग इकाई (b) 48 वर्ग इकाई

(c) 64 वर्ग इकाई (d) 24 वर्ग इकाई

19. उस दीर्घवृत्त का समीकरण, जिसके शीर्ष (2, – 2), (2, 4) हैं तथा उत्केन्द्रता $\frac{1}{3}$ है, होगा [Karnataka CET 1999]

(a) $\frac{(x-2)^2}{9}+\frac{(y-1)^2}{8}=1$ (b) $\frac{(x-2)^2}{8}+\frac{(y-1)^2}{9}=1$

(c) $\frac{(x+2)^2}{8}+\frac{(y+1)^2}{9}=1$ (d) $\frac{(x-2)^2}{9}+\frac{(y+1)^2}{8}=1$

20. दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ के केन्द्र से इसकी किसी स्पर्श रेखा पर डाले गये लम्ब के पाद का बिन्दुपथ है

(a) $(x^2+y^2)^2=b^2x^2+a^2y^2$

(b) $(x^2+y^2)^2=b^2x^2-a^2y^2$

(c) $(x^2+y^2)^2=a^2x^2-b^2y^2$

(d) $(x^2+y^2)^2=a^2x^2+b^2y^2$

21. दीर्घवृत्त $3x^2+2y^2=5$ पर बिन्दु (1, 2) से डाली गयी स्पर्शियों के बीच का कोण होगा [UPSEAT 2001]

(a) $\tan^{-1}(12/5)$ (b) $\tan^{-1}(6/\sqrt{5})$

(c) $\tan^{-1}(12/\sqrt{5})$ (d) $\tan^{-1}(6/5)$

22. $c$ के उन मानों की संख्या, जिनके लिये सरल रेखा $y=4x+c$ वक्र $\frac{x^2}{4}+y^2=1$ को स्पर्श करती है, है [IIT 1998]

(a) 0 (b) 1

(c) 2 (d) अनन्त

23. यदि दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ के किसी बिन्दु $P$ पर खींचे गये अभिलम्ब निर्देशांकों को $G$ व $g$ पर मिलते हैं, तो $PG : Pg =$

(a) $a:b$

(b) $a^2:b^2$

(c) $b^2:a^2$

(d) $b:a$

24. दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{36}+\frac{y^2}{9}=1$ की जीवा का समीकरण, जो कि बिन्दु (2,1) से जाती है, तथा यह बिन्दु जीवा को दो बराबर बराबर भागों में विभाजित करता है, होगा [UPSEAT 1999]

(a) $x+y=2$ (b) $x+y=3$

(c) $x+2y=1$ (d) $x+2y=4$

25. अतिपरवलय $\frac{x^2}{\cos^2\alpha}-\frac{y^2}{\sin^2\alpha}=1$ के लिए '$\alpha$' का मान परिवर्तित करने पर निम्न में से क्या अचर रहेगा [IIT Screening 2003]

(a) शीर्षों के भुज (b) नाभियों के भुज

(c) उत्केन्द्रता (d) नियताएँ

26. शांकवों $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=1$ तथा $\frac{y^2}{a^2}-\frac{x^2}{b^2}=1$ की उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा का समीकरण है

(a) $x+y=a^2-b^2$ (b) $x+y=\sqrt{a^2-b^2}$

(c) $x-y=\sqrt{a^2-b^2}$ (d) $x+y=\sqrt{b^2-a^2}$

27. यदि वृत्त $x^2+y^2=a^2$ अतिपरवलय $xy=c^2$ को चार बिन्दुओं $P(x_1,y_1), Q(x_2,y_2), R(x_3,y_3), S(x_4,y_4)$ पर काटता है, तो [IIT 1998]

(a) $x_1+x_2+x_3+x_4=0$

(b) $y_1+y_2+y_3+y_4=0$

(c) $x_1x_2x_3x_4=c^4$

(d) $y_1y_2y_3y_4=c^4$

28. अतिपरवलय $3x^2-2y^2+4x-6y=0$ की जीवाओं जो कि $y=2x$ के समान्तर हैं, के मध्य बिन्दुओं का बिन्दुपथ है [EAMCET 1989]

(a) $3x-4y=4$

(b) $3y-4x+4=0$

(c) $4x-4y=3$

(d) $3x-4y=2$

29. अतिपरवलय के किसी बिन्दु से इसकी अनन्तस्पर्शियों पर खींचे लम्बों का गुणनफल है [Karnataka CET 2000]

(a) $\frac{a^2b^2}{a^2+b^2}$ (b) $\frac{a^2+b^2}{a^2b^2}$

(c) $\frac{ab}{\sqrt{a}+\sqrt{b}}$ (d) $\frac{ab}{a^2+b^2}$

30. आयताकार अतिपरवलय $\int_0^1 e^x\left(\frac{1}{x}-\frac{1}{x^3}\right)dx$ की उत्केन्द्रता है [UPSEAT 2002]

(a) 2 (b) $\sqrt{2}$

(c) 1 (d) $\frac{1}{\sqrt{2}}$

# Answers and Solutions

**(SET - 18)**

1. (d) $x\cos\alpha - y\sin\alpha = a,\ x\sin\alpha - y\cos\alpha = b$

प्रतिच्छेद बिन्दु $h = \frac{a\cos\alpha - b\sin\alpha}{\cos 2\alpha}$, $k = \frac{a\sin\alpha - b\cos\alpha}{\cos 2\alpha}$ हैं

बिन्दु $(h,k)$ का बिन्दुपथ $x^4 + y^4 - 2x^2y^2$

$= (a^2+b^2)(x^2+y^2) + 4abxy$ है जो कि दिए गए किसी भी वक्र का बिन्दुपथ नहीं है। अतः विकल्प (d) सही है।

2. (a) $\because$ परवलय की नाभि तथा नियता के मध्य दूरी अर्द्धनाभिलम्ब की लम्बाई के बराबर होती है।

अतः नाभिलम्ब की लम्बाई = 2 × (बिन्दु $(3,3)$ से रेखा $3x - 4y - 2 = 0$ पर डाले गये लम्ब की लम्बाई अर्थात्, $\left|\frac{9-12-2}{\sqrt{9+16}}\right| = 2.$

3. (c) समीकरण को निम्न प्रकार लिखा जा सकता है

$(y-1)^2 = 2(x-2)$.

स्पष्टतः, यह एक परवलय है जिसकी नाभि $\left(\frac{5}{2},1\right)$ एवं नियता $x = \frac{3}{2}$ है।

4. (d) दिया है $y^2 + 4y + 4 + 4x - 2 = 0$

या $(y+2)^2 = -4\left(x - \frac{1}{2}\right)$.

माना $y + 2 = Y, \frac{1}{2} - x = X$ तब परवलय $Y^2 = 4X$ हैं

$\therefore$ नियता $X + 1 = 0 \Rightarrow \frac{1}{2} - x + 1 = 0\ \therefore\ x = \frac{3}{2}$.

5. (c) दिया है $x = t^2 + t + 1,\ y = t^2 - t + 1$

अतः, $x + y = 2(t^2+1)$ एवं $x - y = 2t$

$\therefore\ \frac{x+y}{2} = t^2 + 1 = \left(\frac{x-y}{2}\right)^2 + 1$

$\Rightarrow\ 2(x+y) = (x-y)^2 + 4$

$\Rightarrow x^2 - 2xy + y^2 - 2x - 2y + 4 = 0$

$ax^2 + 2hxy + by^2 + 2gx + 2fy + c = 0$ से तुलना करने पर

$a = 1, h = -1, b = 1, g = -1, f = -1, c = 4$

$\therefore abc + 2fgh - af^2 - bg^2 - ch^2$

$= 1.1.4 + 2(-1)(-1)(-1) - 1.1 - 1.1 - 1.4 = 4 - 2 - 2 - 4 \neq 0$

और $h^2 = ab$ अतः वक्र एक परवलय है।

6. (b) बिन्दु $(x_1, y_1)$ पर परवलय $y^2 = 4ax$ की स्पर्शी $yy_1 = 2a(x + x_1)$ अतः $a = 1$

परवलय $y^2 = 4x$ के नाभिलम्ब के सिरों के निर्देशांक $L(1,2)$ व $L_1(1,-2)$ हैं।




$L$ व $L_1$ पर स्पर्शियाँ $2y = 2(x+1)$ व $-2y = 2(x+1)$, है अतः $x = -1, y = 0$.

अतः प्रतिच्छेद बिन्दु $(-1, 0)$ है।

7. (b) माना $P(at_1^2, 2at_1)$ व $Q(at_2^2, 2at_2)$ परवलय $y^2 = 4ax$ पर दो बिन्दु हैं। इन बिन्दुओं $P$ व $Q$ पर स्पर्शियाँ बिन्दु $T\ \{at_1t_2, a(t_1+t_2)\}$ पर प्रतिच्छेद करती हैं।

अब $SP = \sqrt{(at_1^2 - a)^2 + (2at_1 - 0)^2} = a(t_1^2 + 1)$

$SQ = a(t_2^2 + 1)$

$ST = \sqrt{(at_1t_2 - a)^2 + (a(t_1+t_2) - 0)^2} = a\sqrt{(1+t_1^2)(1+t_2^2)}$

$\therefore ST^2 = a^2(1+t_1^2)(1+t_2^2) = SP.SQ$

अतः $SP, ST$ व $SQ$ गुणोत्तर श्रेणी में हैं।

8. (d) परवलय $y^2 = 4ax$ की नाभि $(a,0)$ है। रेखा $x - y - a = 0$ इस बिन्दु से गुजरती है। अतः यह परवलय की नाभीय जीवा है। अतः स्पर्शियाँ 90° पर प्रतिच्छेद करती हैं।

9. (a) नाभिलम्ब के सिरों के निर्देशांक $(a, 2a)$ तथा $(a, -2a)$ हैं।

दिये गये परवलय में ये बिन्दु $(3,6)$ तथा $(3,-6)$ हैं।

स्पर्श रेखा के समीकरण $6y = 6(x+3)$

तथा $-6y = 6(x+3)$ हैं $\Rightarrow x - y + 3 = 0$

तथा $x + y + 3 = 0$.

इन स्पर्श रेखाओं का प्रतिच्छेदन $x = -6$ है, जो कि नियता का समीकरण है।

10. (c) माना $P(at^2, 2at)$ परवलय $y^2 = 4ax$, पर कोई बिन्दु है, तब $P(at^2, 2at)$ पर स्पर्शी तथा अभिलम्ब के समीकरण क्रमशः $ty = x + at^2$ तथा $y = -tx + 2at + at^3$ है।




$\because$ स्पर्शी तथा अभिलम्ब, अक्षों पर $T$ तथा $G$ पर मिलते है।

$\therefore$ $T$ तथा $G$ के निर्देशांक क्रमशः $(-at^2, 0)$ तथा $(2a + at^2, 0)$ हैं।

$SP = PM = a + at^2$, $SG = VG - VS = 2a + at^2 - a = a + at^2$

तथा $ST = VS + VT = a + at^2$. $\therefore$ $SP = SG = ST$.

11. (b) परवलय $y^2 = 8ax$ की किसी स्पर्शी का समीकरण $y = mx + \frac{2a}{m}$ हैं।

यह स्पर्शी वृत्त $x^2 + y^2 = 2a^2$ की भी स्पर्शी है।

$\therefore$ लम्ब की लम्बाईयाँ = $r$

$\Rightarrow \frac{2a/m}{\sqrt{m^2+1}} = \sqrt{2}a \Rightarrow \frac{4a^2}{m^2(m^2+1)} = 2a^2$

$\Rightarrow m^2(m^2+1) = 2 \Rightarrow m^4 + m^2 - 2 = 0$

$\Rightarrow\ (m^2 - 1)(m^2 + 2) = 0 \Rightarrow m^2 = 1$ ग्राह्य है,

$\therefore m = \pm 1$

$\therefore$ उभयनिष्ठ स्पर्शी का समीकरण $y = \pm(x + 2a)$ है।

12. (c) परवलय $y^2 = 4ax$ का प्रवणता रूप अभिलम्ब $y = mx - 2am - am^3$ है।

दिये गये वक्र $y^2 = x$ के लिए $4a = 1 \Rightarrow a = \frac{1}{4}$

अतः अभिलम्ब का समीकरण $y = mx - \frac{1}{2}m - \frac{1}{4}m^3$ है।

चूँकि अभिलम्ब का समीकरण $(C, 0)$ से गुजरता है, अतः

$0 = mC - \frac{1}{2}m - \frac{1}{4}m^3 \Rightarrow m = 0$

या $C - \frac{1}{2} - \frac{1}{4}m^2 = 0 \Rightarrow m = \pm 2\sqrt{C - \frac{1}{2}}$

तीन अभिलम्बों के लिए $m$ का मान वास्तविक होना चाहिए।

अतः $C > \frac{1}{2}$.

13. (b) परवलय $y^2 = 4ax$ के लिए नाभीय जीवा, दो बिन्दुओं $(au^2, 2au)$ व $(av^2, 2av)$ से होकर जाने वाली रेखा है।

$\Rightarrow y - 2au = \frac{2av - 2au}{av^2 - au^2}(x - au^2)$

$\Rightarrow y - 2au = \frac{2a(v-u)}{a(v-u)(v+u)}(x - au^2)$

$\Rightarrow y - 2au = \frac{2}{(v+u)}(x - au^2)$

यदि यह नाभीय जीवा है, तो नाभि $(a, 0)$ से गुजरेगी।

$\Rightarrow 0 - 2au = \frac{2}{v+u}(a - au^2) \Rightarrow -uv - u^2 = 1 - u^2$, $\therefore uv + 1 = 0$.

14. (d) माना बिन्दु $P$ के निर्देशांक $(am^2, -2am)$ हैं।

तब बिन्दु $P$ पर अभिलम्ब का समीकरण है,

$y = mx - 2am - am^3$

यह अभिलम्ब $x$-अक्ष को बिन्दु $N$ पर काटता है

$y = 0$ रखने पर,

$0 = mx - 2am - am^3$

या $mx = am + am^3$

या $x = \frac{m(2a + am^2)}{m}$

या $x = 2a + am^2$




इसलिए $ON = 2a + am^2$ तथा $OM = am^2$

अधोलम्ब की लम्बाई $= MN$

$\therefore MN = ON - OM = 2a + am^2 - am^2 = 2a$.

15. (d) $\frac{x^2}{1-r} - \frac{y^2}{1+r} = 1$, जहाँ $r > 1$

या $\frac{x^2}{-p} - \frac{y^2}{q} = 1$, $1 - r = -p$ (माना) या $\frac{x^2}{-p} + \frac{y^2}{-q} = 1$

काल्पनिक दीर्घवृत्त, जिसके दीर्घ व लघु अक्ष काल्पनिक हैं।

16. (c) नाभियों के निर्देशांक $(\pm ae, 0)$ हैं। यहाँ $a = 4, b = 3$

$\therefore b^2 = a^2(1 - e^2) \Rightarrow 9 = 16(1 - e^2) \Rightarrow \frac{9}{16} = 1 - e^2$

$\Rightarrow e = \pm\sqrt{\frac{7}{4}}$ ; $\therefore$ बिन्दु $(\pm\sqrt{7}, 0)$ होगा।

$\therefore$ त्रिज्या $= \sqrt{(\sqrt{7} - 0)^2 + (0 - 3)^2} = \sqrt{7 + 9} = \sqrt{16} = 4$.

17. (d) अक्षों के मध्य स्थित रेखा $PQ$ का मध्य बिन्दु $R(x_1, y_1)$ तब $P$ तथा $Q$ के निर्देशांक क्रमशः $(2x_1, 0)$ तथा $(0, 2y_1)$ होंगे।

$\therefore$ रेखा $PQ$ का समीकरण $\frac{x}{2x_1} + \frac{y}{2y_1} = 1$

$\Rightarrow y = -\left(\frac{y_1}{x_1}\right)x + 2y_1$ है।

यदि यह रेखा दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} = 1$, को स्पर्श करती है।

तब $c^2 = a^2m^2 + b^2$

अर्थात्, $(2y_1)^2 = a^2\left(\frac{-y_1}{x_1}\right)^2 + b^2$ या $4y_1^2 = \left\{\frac{a^2y_1^2}{x_1^2}\right\} + b^2$

या $4 = \left(\frac{a^2}{x_1^2}\right) + \left(\frac{b^2}{y_1^2}\right)$ या $\left(\frac{a^2}{x_1^2}\right) + \left(\frac{b^2}{y_1^2}\right) = 4$

$\therefore$ बिन्दु $(x_1, y_1)$ का अभीष्ट बिन्दुपथ $\left(\frac{a^2}{x^2} + \frac{b^2}{y^2}\right) = 4$ है।

18. (d) माना $P(x_1, y_1)$ दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{18} + \frac{y^2}{32} = 1$ पर कोई बिन्दु है।

$\Rightarrow \frac{x_1^2}{18} + \frac{y_1^2}{32} = 1$

बिन्दु $(x_1, y_1)$ पर स्पर्श रेखा का समीकरण $\frac{xx_1}{18} + \frac{yy_1}{32} = 1$

है। दिया गया है कि यह अक्षों को $A\left(\frac{18}{x_1}, 0\right)$ व $B\left(0, \frac{32}{y_1}\right)$ पर मिलती है।

यह दिया है कि $(x_1, y_1)$ पर स्पर्शी की प्रवणता $-\frac{3}{4}$ है।

अतः $-\frac{x_1}{18} \cdot \frac{32}{y_1} = -\frac{4}{3} \Rightarrow \frac{x_1}{y_1} = \frac{3}{4} \Rightarrow \frac{x_1}{3} = \frac{y_1}{4} = k$ (माना)

$\therefore x_1 = 3k, y_1 = 4k$

$x_1, y_1$ का मान (i) में रखने पर $k^2 = 1$.

अब त्रिभुज $OAB$ का क्षेत्रफल

$= \frac{1}{2}OA.OB = \frac{1}{2}\frac{18}{x_1} \cdot \frac{32}{y_1} = \frac{1}{2}\frac{(18)(32)}{(x_1y_1)}$

$= \frac{1}{2}\frac{(18)(32)}{(3k)(4k)} = \frac{24}{k^2} = 24$ वर्ग इकाई, $(\because k^2 = 1)$.

19. (b) दीर्घवृत्त के शीर्षों ($A$ तथा $A'$) के निर्देशांक $\equiv (2, -2)$ तथा $(2, 4)$, उत्केन्द्रता $(e) = \frac{1}{3}$ हम जानते हैं कि $AA'$ $y$-अक्ष के समान्तर रेखा के अनुदिश है। अतः $AA'$ का मध्य बिन्दु केन्द्र $(C) = (h, k) = (2, 1)$ तथा $AA'(2b) = 6$ या $b = 3$ हम जानते हैं कि दीर्घवृत्त का मानक समीकरण

$\frac{(x-h)^2}{a^2} + \frac{(y-k)^2}{b^2} = 1$, $a^2 = b^2(1 - e^2) = 9\left(1 - \frac{1}{9}\right) = 8.$

अतः दीर्घवृत्त का समीकरण है $\frac{(x-2)^2}{8} + \frac{(y-1)^2}{9} = 1.$

20. (d) $\frac{x\cos\theta}{a} + \frac{y\sin\theta}{b} = 1$, ढाल या प्रवणता $\equiv -\frac{b\cot\theta}{a} \times \frac{k}{h} = -1$

$\frac{h\cos\theta}{a} + \frac{k\sin\theta}{b} = 1$

चूँकि $\text{cosec}\,\theta = \sqrt{1+\frac{a^2h^2}{k^2b^2}} \Rightarrow \frac{h^2}{kb}+\frac{k}{b} = \text{cosec}\,\theta$

$\Rightarrow (h^2+k^2) = bk\,\text{cosec}\,\theta = \frac{bk(\sqrt{k^2b^2+a^2h^2})}{bk}$




$\Rightarrow (x^2+y^2)^2 = a^2x^2+b^2y^2$.

21. (c) बिन्दु (1, 2) से दीर्घवृत्त $3x^2+2y^2=5$ पर खींची गयी स्पर्शियों का संयुक्त समीकरण
$(3x^2+2y^2-5)(3+8-5) = (3x+4y-5)^2$ [$SS = T$ से]
$\Rightarrow 9x^2-24xy-4y^2+.....=0$ है
इस समीकरण की दोनों रेखाओं के बीच का कोण है,
$\tan\theta = \frac{2\sqrt{h^2-ab}}{a+b}$, जहाँ $a=9, h=-12, b=-4$
$\Rightarrow \tan\theta = 12\sqrt{5} \Rightarrow \theta = \tan^{-1}(12/\sqrt{5})$.

22. (c) रेखा $y=4x+c$ दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{4}+y^2=1$ को स्पर्श करती है
$\therefore \frac{x^2}{4}+(4x+c)^2-1=0 \Rightarrow 65x^2+32cx+4c^2-4=0$
समान मूल के लिए $\Delta=0$
$\therefore 64c^2-4.65.4(c^2-1)=0 \Rightarrow 4c^2-65c^2+65=0$
$\Rightarrow c^2=\frac{65}{61} \Rightarrow c=\pm\sqrt{\frac{65}{61}}$.
अतः यहाँ पर $c$ के दो मान हैं।

23. (c) माना $P(a\cos\theta, b\sin\theta)$ दीर्घवृत्त $\frac{x^2}{a^2}+\frac{y^2}{b^2}=1$ पर कोई बिन्दु है, तो $P$ पर अभिलम्ब
$ax\sec\theta - by\,\text{cosec}\,\theta = a^2-b^2$ होगा।
यह निर्देशांक्षों को $G\left(\frac{a^2-b^2}{a}\cos\theta, 0\right)$
व $g\left(0, -\frac{a^2-b^2}{b}\sin\theta\right)$ पर काटता है।
$\Rightarrow PG^2 = \left(a\cos\theta-\frac{a^2-b^2}{a}\cos\theta\right)^2+b^2\sin^2\theta$
$=\frac{b^2}{a^2}(b^2\cos^2\theta+a^2\sin^2\theta)$
तथा $Pg^2=\frac{a^2}{b^2}(b^2\cos^2\theta+a^2\sin^2\theta)$, $\therefore PG:Pg=b^2:a^2$.

24. (d) माना अभीष्ट जीवा, दीर्घवृत्त $P$ तथा $Q$ पर मिलती है, तथा जिनके निर्देशांक $(x_1,y_1)$ तथा $(x_2,y_2)$ है।
$\therefore$ बिन्दु (2, 1) जीवा $PQ$ का मध्य बिन्दु हैं।
$\therefore\ 2=\frac{1}{2}(x_1+x_2) \Rightarrow x_1+x_2=4$
तथा $1=\frac{1}{2}(y_1+y_2)$ या $y_1+y_2=2$
पुनः बिन्दु $(x_1,y_1)$ तथा $(x_2,y_2)$ दीर्घवृत्त पर स्थित है
$\therefore\ \frac{x_1^2}{36}+\frac{y_1^2}{9}=1$ तथा $\frac{x_2^2}{36}+\frac{y_2^2}{9}=1$
घटाने पर, $\frac{x_2^2-x_1^2}{36}+\frac{y_2^2-y_1^2}{9}=0$
या $\frac{y_2-y_1}{x_2-x_1}=\frac{-(x_2+x_1)}{4(y_2+y_1)}=\frac{-4}{4\times 2}=-\frac{1}{2}$
$\therefore$ जीवा $PQ$ की प्रवणता $=\frac{y_2-y_1}{x_2-x_1}=-\frac{1}{2}$
अतः जीवा $PQ$ का समीकरण होगा $y-1=-\frac{1}{2}(x-2)$
$\Rightarrow x+2y=4$.

25. (b) $ae=\sqrt{a^2+b^2}=\sqrt{\cos^2\alpha+\sin^2\alpha}=1$.

26. (b) शांकव की स्पर्शियों की प्रवणतायें
$m_1=\frac{bx_1}{a\sqrt{x_1^2-a^2}}$ व $m_2=\frac{ax_1}{b\sqrt{x_1^2+b^2}}$
परन्तु स्पर्शियाँ एक ही हैं, अतः $m_1=m_2$
$\Rightarrow \frac{bx_1}{a\sqrt{x_1^2-a^2}}=\frac{ax_1}{b\sqrt{x_1^2+b^2}}$
इससे हमें $x_1$ का मान मिलेगा और फिर $y_1$ का। इन मानों को $y-y_1=m_1(x-x_1)$ में रखने पर अभीष्ट समीकरण प्राप्त होता है।

27. (a,b,c,d) हल करने पर, $x^2+\frac{c^4}{x^2}=a^2 \Rightarrow x^4-a^2x^2+c^4=0$
$\therefore x_1+x_2+x_3+x_4=0;\ x_1x_2x_3x_4=c^4$ .....(i)
चूँकि दोनों वक्र $x$ और $y$ में सममित (symmetrical) हैं
$\therefore y_1+y_2+y_3+y_4=0;\ y_1y_2y_3y_4=c^4$ .....(ii)
**नोट :** परिणाम (ii) $x$ को विलोपित करके भी प्राप्त कर सकते हैं।

28. (a) माना $P(x_1,y_1)$ अतिपरवलय $3x^2-2y^2+4x-6y=0$ की जीवा का मध्य बिन्दु है। जीवा का समीकरण $T=S_1$ है।
अर्थात् $3xx_1-2yy_1+2(x+x_1)-3(y+y_1)=0$
$\Rightarrow (3x_1+2)x-(2y_1+3)y+(2x_1-3y_1)=0$
यदि यह जीवा $y=2x$ के समान्तर है, तो
$m_1=m_2 \Rightarrow -\frac{3x_1+2}{-(2y_1+3)}=2 \Rightarrow 3x_1-4y_1=4$
अतः मध्य बिन्दुओं $(x_1,y_1)$ का बिन्दुपथ $3x-4y=4$ है।

29. (a) अतिपरवलय का समीकरण $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=1$ है। माना $(x_1,y_1)$ अतिपरवलय पर कोई बिन्दु है।
$\therefore \frac{x_1^2}{a^2}-\frac{y_1^2}{b^2}=1 \Rightarrow b^2x_1^2-a^2y_1^2=a^2b^2$.
दिये गये अतिपरवलय की अनन्त स्पर्शियाँ $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=0$ हैं
$\therefore$ बिन्दु $(x_1,y_1)$ से रेखायुग्म $\frac{x^2}{a^2}-\frac{y^2}{b^2}=0$ पर डाले गये लम्बों का गुणनफल $=\frac{|Ax_1^2+2Hx_1y_1+By_1^2|}{\sqrt{(A-B)^2+4H^2}}$
$=\frac{b^2x_1^2-a^2y_1^2}{\sqrt{(b^2+a^2)^2}}=\frac{a^2b^2}{a^2+b^2}$.

30. (b) आयताकार अतिपरवलय की उत्केन्द्रता $\sqrt{2}$ होती है।

* * *